01 जनवरी 2025

बुधवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

2025

## नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



# महाकुंभ में मुख्य स्नान के दौरान नहीं रहेगा कोई प्रोटोकॉल : सीएम योगी

- डेढ़ लाख से अधिक टेंट की व्यवस्था मेला प्राधिकरण की ओर से की गई है
- 144 वर्ष के बाद महाकुंभ का यह मुहूर्त आ रहा है और इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं सरकार कर रही है



**एजेंसी/प्रयागराज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि महाकुंभ मेला में मुख्य स्नान पर्व पर कोई प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा और इस अवसर पर पूज्य संतों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी। प्रयागराज में महाकुंभ के दृष्टिगत समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेला लगभग आकार ले चुका है और 7,000 से अधिक संस्थाएं यहां आ चुकी हैं। डेढ़ लाख से अधिक टेंट की व्यवस्था मेला प्राधिकरण की ओर से की गई है। देश-दुनिया से लोग प्रयागराज महाकुंभ में आने के लिए उत्सुक हैं। 144 वर्ष के बाद महाकुंभ का यह मुहूर्त आ रहा है और इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं भाजपा सरकार द्वारा यहां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने प्रयागवासियों से आतिथ्य सेवा के साथ ही महाकुंभ के दौरान स्वच्छता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता और आतिथ्य सेवा का जो उदाहरण उन्होंने 2019 के कुंभ में प्रस्तुत किया, उससे अच्छा अवसर इस बार उनके सामने आ रहा है। योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए कहा कि महाकुंभ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को चौबीस घंटे और सातों दिन सक्रिय रहना होगा। महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया। उन्होंने सभी रेहड़ी-पटरी वालों, ऑटो रिक्शा चालकों और ई-रिक्शा चालकों के पुलिस सत्यापन तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिये। इस कार्य में लापरवाही करने वाले पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### फर्जी खबरों पर कड़ाई से लगाम लगाने के निर्देश

सीएम योगी ने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया पर फर्जी खबरों पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं जिन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी अखाड़ों, महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीबाड़ा, खाकचौक और अन्य संस्थाओं के लिए भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि अन्य नई संस्थाओं को आवंटन का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने अगले तीन दिनों में अरैल क्षेत्र में नया स्नान घाट तैयार करने के निर्देश दिए और महाकुंभ के लिए चलाई जाने वाली करीब 550 शटल बसों को पांच जनवरी से चलाने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज दौरे पर मां गंगा का अभिषेक और पूजन किया। उन्होंने बड़े हनुमान जी का भी दर्शन-पूजन किया। इससे पूर्व उन्होंने नैनी के अरैल में बायो सीएनजी संयंत्र का उद्घाटन किया।

## बेंगलुरू में नए साल के लिए जमा की गई 2.50 करोड़ की नशीली दवाएं जब्त

**एजेंसी/बेंगलुरू**

बेंगलुरू के कई इलाकों में नए साल के जश्न के लिए 2.50 करोड़ रुपये की नशीली दवाओं को जमा करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी 27 दिसंबर को की गई थी। पत्रकारों से बात करते हुए बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर बी. दयानंद ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) नारकोटिक्स स्क्वॉड के अधिकारियों को चोक्कनहल्ली के एक अपार्टमेंट में प्रतिबंधित मादक पदार्थों के बारे में खुफिया जानकारी मिली। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। टीम ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि बेंगलुरू में नए साल के जश्न के दौरान बिक्री के लिए ड्रग्स स्टॉक किया गया था। पुलिस ने अभी तक ड्रग्स तस्कर की पहचान का खुलासा नहीं किया। आरोपी के आवास से जब्त की गई वस्तुओं में हाइड्रो गांजा, मारिजुआना, 40 एलएसडी स्ट्रिप्स, एमडीएमए क्रिस्टल, दो मोबाइल फोन और 21.30 लाख रुपये नकद शामिल हैं। इन सामानों की कुल कीमत 2.50 करोड़ रुपये बताई गई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने गोवा से एलएसडी स्ट्रिप्स, थाईलैंड से हाइड्रो गांजा और हिमाचल प्रदेश से चरस और तेलंगाना स मरिजुआना खरीदने के लिए एक साथी के साथ काम करने की बात स्वीकार की।

**अब पेंशनभोगी किसी भी बैंक से अपनी पेंशन के पैसों की कर सकेंगे निकासी**

# आज से एलपीजी से लेकर पीएफ सहित कई नियमों होगा बड़ा बदलाव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आज से महज दो दिन बाद नए साल की शुरआत होने वाली है। इसको लेकर हर तरफ रौनक देखने को मिल रहा है। लेकिन,इन सब के बीच इस नए साल में लोगों को कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसमें कुछ वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाएंगी, तो पेंशन निकासी आसान हो जाएगा। आइए जानते हैं की क्या है यह बदलाव। बुधवार 1 जनवरी से नया साल 2025 की शुरूआत हो जाएगी और इसी दिन से देश में कई नियमों में बदलाव हो जाएगा और कुछ नए नियम आने वाले हैं। नियमों में बदलाव होने के बाद आम आदमी की जिंदगी में भी बदलाव होगा और इसका असर उनकी जेब पर पड़ेगा। ऐसे में1 जनवरी 2025 से कई नियमों में बदलाव होने जा रहा है। सबसे पहले साल 2025 में पेंशनधारकों के लिए राहत मिलने वाली है। 1 जनवरी, 2025 से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पेंशन के पैसों की निकासी के नियमों को सरल बना दिया है। अब पेंशनभोगी किसी भी बैंक से अपनी पेंशन के पैसों की निकासी कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें किसी अतिरिक्त सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। यह सुविधा पेंशनभोगियों के लिए बड़ी राहत है। इसके साथ ही 1 जनवरी 2025 से अमेजन प्राइम मेंबरशिप के नियमों में बदलाव हो जाएगा। नए नियमों के तहत एक प्राइम अकाउंट से केवल दो टीवी पर ही प्राइम वीडियो स्ट्रीम किया जा सकेगा। अगर कोई तीसरे टीवी पर प्राइम वीडियो देखना चाहता है, तो उसे एक्स्ट्रा सब्सक्रिप्शन लेना होगा। पहले, प्राइम मेंबर एक ही अकाउंट से पांच डिवाइस तक वीडियो स्ट्रीम कर सकते थे। इसके अलावा आरबीआई ने नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों और हाउसिंग फाइनेंशिंग कंपनियों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। नए नियम 1 जनवरी, 2025 से लागू होंगे। इन बदलावों के तहत डिपॉजिट की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। इसमें जनता से डिपॉजिट लेने, लिक्विड एसेट का एक हिस्सा सुरक्षित रखने और डिपॉजिट का बीमा कराने जैसे बदलाव शामिल हैं। वहीं, नए साल में कार खरीदना महंगा हो जाएगा। 1 जनवरी, 2025 से मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा, होंडा, मर्सिडीज-बेंज, ऑडी और बीएमडब्ल्यू जैसी प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियां गाड़ियों की कीमतों में 3 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करेंगी। कंपनियों ने इसकी वजह उत्पादन लागत में वृद्धि को बताया है। इसलिए, अगर आप कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो आपको अधिक खर्च करना पड़ सकता है। इधर, पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री करने वाली तेल कंपनियां हर महीने की 1 तारीख को रसोई गैस या एलपीजी की कीमतों में बदलाव करती हैं।



### एफडी कराने वालों की बल्ले-बल्ले

नई गाइड लाइन अगस्त में इन संशोधति दिशा-निदेर्शों को जारी किया गया है। इसमें पब्लिक डिपॉजिट का अप्रूवल और रिपेमेंट, नॉमिनेशन, इमरजेंसी एक्सपेंसेस, डिपॉजिट के बारे में डिपॉजिटर्स को नोटिफाई करना जैसी चीजों को शामिल किया गया है। साथ ही मैच्योरिटी से पहले पैसे निकासी की भी सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर (14.2 किलो) की कीमत में पिछले कई महीनों से घट-बढ़ नहीं हुई है। दिल्ली में फिलहाल इसकी कीमत 803 रुपये है। वहीं, कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है।

## त्रिपुरा के नए मुख्य सूचना आयुक्त बने बिनॉय शंकर मिश्रा

**अगरतला।** त्रिपुरा के नव निर्वाचित मुख्य सूचना आयुक्त बिनॉय शंकर मिश्रा ने मंगलवार को अगरतला राजभवन में शपथ ली। त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्र सेन रेड्डी नल्लू ने बिनॉय शंकर मिश्रा को राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। इससे पहले, राज्य सरकार की संयुक्त सचिव देबजानी देब की ओर से जारी एक अधिसूचना में बताया गया था कि राज्यपाल ने उक्त अधिनियम की धारा 15(3) के तहत गठित समिति की सिफारिश पर आईएफएस (सेवानिवृत्त) बिनॉय शंकर मिश्रा को त्रिपुरा सूचना आयोग के तहत राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है।सूचना के अधिकार (मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों के कार्यालय, वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तों) नियम, 2019 के अध्याय-क्ष के नियम 12 के अनुसार, राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त का कार्यकाल उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन (3) वर्ष होगा या जब तक वे 65 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेते, जो भी पहले हो।

# गरीबी मुक्त प्रदेश की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश



- डिजिटल तकनीक और मॉप-अप ऐप के माध्यम से अति गरीब परिवारों का हो रहा सर्वेक्षण
- 2 अक्टूबर 2025 तक उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने का सरकार का लक्ष्य

**केटी न्यूज/लखनऊ**

सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने के लिए योगी सरकार महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि 2 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के अति गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। इस दिशा में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह पहल जीरो पावर्टी अभियान के तहत चल रही है, जो उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त राज्य बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

**प्रदेश में 15 लाख अति गरीब परिवार को चिन्हित कर रही योगी सरकार:** योगी सरकार प्रदेश में 15 लाख अति गरीब परिवारों को चिन्हित करने के लिए पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, बीसी सखी, और स्वयं सहायता समूहों (एस.एच.जी.) की मदद से सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इन परिवारों में आवासहीन, कच्चे मकानों में रहने वाले, भूमिहीन, और दिहाड़ी मजदूरी करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जा रही है। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद इन परिवारों के रिकॉर्ड का सत्यापन ग्रामस्तरीय समितियों द्वारा किया जाएगा।

**सर्वेक्षण और सत्यापन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और मॉप-अप ऐप का हो रहा उपयोग:** इस महत्वाकांक्षी योजना में डिजिटल तकनीक का पूरा उपयोग किया जा रहा है। मॉप-अप मोबाइल ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण और सत्यापन कार्य किया जा रहा है। इसमें संबंधित परिवारों का आधार, बैंक खाता विवरण, और लाभार्थी का फोटोग्राफ अपलोड किया जा रहा है। सर्वेक्षण प्रक्रिया के बाद, ग्रामस्तरीय समिति के सदस्य, जिनमें ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, विद्यालय के हेडमास्टर, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं वे चयनित लाभार्थियों की पुष्टि करेंगे। चयन प्रक्रिया में पांच में से न्यूनतम तीन सदस्यों का अभिमत आवश्यक होगा। चयन प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए सभी रिकॉर्ड मॉप-अप ऐप और जीरो पावर्टी पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे। सीएम योगी का उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश का प्रत्येक गरीब परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ पाकर अपनी जीवन गुणवत्ता में सुधार कर सके। इस योजना के तहत प्रथम चरण में उन परिवारों को प्राथमिकता दी जा रही है जिन्हें अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए और जरूरतमंदों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाए। योगी सरकार का यह कदम सामाजिक जिम्मेदारी के साथ-साथ विकासशील प्रदेश के निर्माण के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण को दशार्ता है। चिन्हित परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए विभिन्न कंपनियों और संगठनों से सहयोग लिया जाएगा।

## इसरो ने अंतरिक्ष में रचा इतिहास: स्पेडेक्स मिशन की लॉन्चिंग करने वाला चौथा देश बना भारत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

इसरो ने अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया है। स्पेडेक्स मिशन की लॉन्चिंग करने वाला भारत चौथा देश बन गया है। अब 7 जनवरी को बुलेट की स्पीड से तेज दो-स्पेसक्राफ्ट क्रफ्ढ अंतरिक्ष में जोड़ेगा। इसरो ने श्रीहरिकोटा से स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन को लॉन्च किया। पीएसएलवी-सी 60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किलोमीटर ऊपर डिप्लॉय किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि मिशन की सफलता ही भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के बनने और चंद्रयान-4 मिशन की सफलता को तय करेगा। इसी वजह से स्पेडेक्स मिशन की लॉन्चिंग को बेहद अहम माना जा रहा है। 2 छोटे स्पेसक्राफ्ट टारगेट और चेजर इस मिशन में शामिल है। इसके अलावे एक और टेस्ट हो सकता है। सैटेलाइट से रोबोटिक आर्म निकले हैं, जो हुक के जरिए टारगेट को अपनी ओर खीचेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि यदि यह प्रयोग सफल रहा तो इसरो को ऑर्बिट छोड़कर अलग दिशा में जा रहे सैटेलाइट को वापस कक्षा में लाने की तकनीक मिल जाएगी और सर्विसिंग का ऑप्शन भी खुल जाएगा।



## बीरेन सिंह की माफी पर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर बोला हमला

**नई दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह मंगलवार को राज्य में जातीय संघर्ष के लिए माफी मांगी। उनके माफी मांगने के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साझा। पार्टी नेता जयराम रमेश ने पूछा कि पीएम मोदी पूरे देश और दुनिया की यात्रा करते रहते हैं, लेकिन वहां जाकर माफी क्यों नहीं मांग सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर मणिपुर के लोगों को नजरअंदाज करने और जानबूझ कर मणिपुर का दौरा टालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी मणिपुर जाकर यह क्यों नहीं कह सकते।

## स्मारक को लेकर कांग्रेस को नहीं करनी चाहिए राजनीति : मेघावल

**एजेंसी/नई दिल्ली**


पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस को इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए थी, सरकार ने कहा था कि ट्रस्ट बनाया जाएगा। सरकार ने कब इस पर असहमति जताई। कांग्रेस हर चीज में विवाद पैदा करना चाहती है, विवाद पैदा करने के लिए उनकी तरफ से चुना गया यह सही मौका नहीं है। वहीं संसद के शीतकालीन सत्र में व्यवधान पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर सत्र से पहले एक मुद्दा आता है। और यह मुद्दा हमारे देश के अंदर से नहीं बल्कि बाहर से आता है। इस बार भी 25 नवंबर को सत्र शुरू होने से पहले एक मुद्दा बाहर से आया। सदन में कांग्रेस ने व्यवधान डाला लेकिन इंडिया ब्लॉक के गठबंधन दलों ने खुद को उस मुद्दे से अलग कर लिया। कांग्रेस ने प्रस्ताव दिया कि अगर हम संविधान पर चर्चा करेंगे तो वे सहयोग करेंगे। भाजपा और अन्य दलों ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहेब का सबसे ज्यादा अपमान किया, खासकर जब वे जीवित थे। कांग्रेस ने गृह मंत्री के बयान के 10 सेकंड के हिस्से को गलत तरीके से पेश किया और एक नया मुद्दा उठाया।

**नए साल की शुरुआत में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी के साथ पश्चिमी विक्षोभ का अनुमान**

# कड़ाके की ठंड के साथ शुरू हुआ नए साल का स्वागत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर सहित लगभग समूचा उत्तर भारत इस समय ठंड से ठिठुर रहा हैं। बारिश के बाद तापमान में आई गिरावट के बाद ठंडी हवाओं ने लोगों की हालत खराब कर दी है। नए साल के शुरूआती दिन दिल्ली समेत उत्तर भारत के लिए कड़ाके की ठंड के साथ शुरू हुआ। नए साल की शुरुआत में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी के साथ एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ का अनुमान है। जिसकी शुरुआत 1 जनवरी, 2025 से होगी। यह विक्षोभ धीरे-धीरे उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। 1 से 3 जनवरी तक इस क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की उम्मीद है। जो 4 से 6 जनवरी तक छिटपुट और बाद में कई जगहों पर बारिश में बदल जाएगी। जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में 5 जनवरी को भारी बर्फबारी होने की संभावना है। जबकि दिल्ली सहित उत्तरी मैदानी इलाकों में 4 से 6 जनवरी के बीच हल्की से लेकर छिटपुट बारिश होने का अनुमान है। दिल्ली-एनसीआर में नए साल पर भी ठंड का सितम दिखाई देगा। जनवरी के कुछ दिन सुबह और शाम के वक्त कोहरा लोगों की परेशानियां और बढ़ा सकता है। हालांकि बाकी पूरे दिन मौसम साफ रहेगा। वहीं, हिंद महासागर और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती सकुर्लेशन के कारण दक्षिणी तमिलनाडु में गरज के साथ तूफान और भारी बारिश होने का अनुमान है।



### बिहार में नए साल की शुरूआत शीतलहर से रहेगी

दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में भी बारिश के बाद से पारा बेहद तेजी से नीचे लुढ़का है। मौसम में आए इस बदलाव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सुबह और शाम के वक्त लोगों को ठिठुरन वाली ठंड महसूस हो रही है। जबकि बिहार में नए साल के पहले दिन से ही शीतलहर का असर देखने को मिलेगा। ज्यादातर जिलों में सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा। लेकिन हवा की रफ्तार के साथ कोहरा साफ हो जाएगा। राजस्थान,मध्यप्रदेश में भी उत्तरी बफीर्ली हवाओं के असर से सर्दी तेज हो गई और गलन वाली ठंड तथा कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। कड़ाके की ठंड के साथ होगा साल का स्वागत, दिल्ली उत्तर भारत के राज्यों में बारिश की संभावना है।

## दिल्ली के पुजारी बोले... केजरीवाल ने चुनाव देख बदला रंग, सरकार के पास पैसा नहीं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

अरविंद केजरीवाल ने पुजारियों और ग्रंथियों को 18,000 रुपये हर महीने देने की घोषणा कर नई बहस छेड़ दी है। आम आदमी पार्टी कह रही है कि इस घोषणा के बाद दिल्ली के पुजारी उसके साथ आ गए हैं। लेकिन दिल्ली के अनेक पुजारियों ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली में 10 साल से सत्ता में हैं, लेकिन आज तक उन्हें पुजारियों की याद नहीं आई। अब जब उनकी सत्ता से जाने का समय आ गया है, उन्हें पुजारियों की याद आ रही है। भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ में एक पदाधिकारी आचार्य राजीव शुक्ला ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कुछ करने वाले नहीं हैं। उन्होंने बुजुर्गों और विधवाओं को भी पेंशन देने के लिए कहा था। लेकिन उनके पेंशन रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगभग 20 हजार मंदिर हैं और हर मंदिर में तीन से चार पुजारी हैं। ऐसे में सरकार को 80 हजार लोगों को पेंशन देनी पड़ेगी। सरकार के पास इमामों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं, वह बुजुर्गों और विधवाओं को पेंशन नहीं दे पा रही है, ऐसे में वह इमामों को वेतन कैसे दे पाएगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। करावल नगर के पुजारी जय प्रकाश भट्ट ने कहा कि केजरीवाल को इस बात के लिए धन्यवाद कहना चाहिए कि उन्होंने पहली बार पुजारियों की समस्याओं के बारे में बात की। लेकिन उन्हें यह तो बताना पड़ेगा कि चुनाव के अंतिम समय में ही उन्हें पुजारियों की बात क्यों याद आई। वे 10 साल से सत्ता में हैं। आज तक उन्हें यह याद क्यों नहीं आई, जबकि पुजारियों ने उनके आवास पर जाकर कई बार प्रदर्शन भी किया था।

# बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में उतरा महागठबंधन, किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी है। मंगलवार दोपहर महागठबंधन ने नेताओं ने फिर से अभ्यर्थियों के समर्थन में सड़क पर उतर गए। पटना में राजभवन मार्च के लिए भाकपा माले और कांग्रेस के कार्यकर्ता विधानसभा के पास जमा हुए। इसके बाद नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वह राजभवन की ओर बढ़ ही रहे थे कि निर्वाचन आयोग के पास पटना पुलिस ने मार्च को रोका दिया। इसके बाद महागठबंधन के विधायकों ने विरोध जताया। देखते ही देखते विधायकों और पुलिस के झड़प होने लगी। फिलहाल नाराज विधायक रोड पर बैठ कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। विधायकों के हाथों में परीक्षा रद्द करें और लाठीचार्ज के विरोध वाले पोस्टर हैं।इधर, सड़क पर बैठे विधायकों को पटना पुलिस की टीम समझाने की। माले विधायक संदीप सौरभ ने पुलिस से पूछा कि आप हमलोगों को किस नियम के आधार पर राज्यपाल से मिलने से रोक रहे हैं। नियम दिखाइए कि विधायक राज्यपाल से नहीं मिल सकते हैं? इसके बाद पुलिस ने उन्हें आगे जाने दिया। इस दौरान पुलिस से उनकी मामूली झड़प भी हुई।




## छात्रों के सहारे जेपी बनने निकले पीके औंधे मुंह गिरे

**पटना।** राजनीति में दो-दो हाथ आजमाने उतरे जनसुराज के नायक प्रशांत किशोर भले राजनीतिक सलाहकार की भूमिका में सफल रहे हों, लेकिन जब खुद राजनीति का दामन थाम बिहार की धरती पर उतरे तो उनकी हार 'शह मात' का संदेश लेकर आई। चार विधान सभा उप चुनाव के परिणाम ने उनकी हेकड़ी को वास्तविकता का जमीन दिखाया। जब बीपीएसपी छात्रों के आंदोलन का 'सूत्र' पकड़ कर जे पी बनने की राह क्या ढूंढी खुद औंधे मुंह गिर गए, और तरह-तरह के इल्जाम की पोटरी भी उनके सिर आ गिरी, सो अलग ।राजनीति में सफलता की राह बताने के मास्टर माइंड प्रशांत किशोर राजनीति की पथरीली भूमि पर जब स्वयं चलना चाहे तो चंद कदम भी नहीं चल सके। नीतीशे कुमार के नारों से बिहार में चर्चित हुए प्रशांत किशोर खुद अपने लिए कोई ऐसा नारा नहीं ढूंढ सके, जो उन्हें जनप्रिय बना सके। इसलिए जब चुनाव में जातविहीन समाज की कल्पना के साथ उतरे तो असफलता का सामना करना पड़ा, लेकिन यह उनकी स्ट्रेटजी का एक मात्र दुखद काल नहीं। जेपी की तरह छात्र राजनीति के सहारे राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करने की आस भी अधूरी रह गई। उल्टे कई आरोप भी उन पर लग गए।प्रशांत किशोर राजनीति के जब रिदम में आए तो उन्हें सबसे सॉफ्ट टारगेट युवा, रोजगार और पलायन जैसे मुद्दे लगे। इस संदर्भ में डाटा पर डाटा बिखेरने लगे। तेजस्वी यादव पर 9वीं फेल का जुमला ठोंका और उनकी तुलना पढ़े-लिखे लोगों से कर छोटी-मोटी नौकरियों को लेकर परेशान युवाओं को टारगेट किया। इस तुलनात्मक विवेचन ने युवा पीढ़ी को या फिर कह लें बेरोजगारों या पलायन के अभिशप्त लोगों को जनसुराज भाने भी लगा।

## विधायकों को ये पता नहीं 70वीं बीपीएससी परीक्षा हुई है या 17वीं

**पटना।** राजभवन मार्च कर रहे भाकपा माले विधायकों को ये पता ही नहीं कि इस बार 70वीं बीपीएससी परीक्षा हुई है या 17वीं। पालीगंज से भाकपा वाले विधायक संदीप सौरव ने कहा कि '17वीं इढरउ पीटी रद्द कराने की मांग को लेकर हम लोग राजभवन मार्च पर निकले हैं। वहीं, सारण के मांझी से भाकपा माले विधायक सत्येंद्र यादव ने कहा कि 17वीं बीपीएससी की परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन और पेपर लीक के कारण लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो चुका है। पिछले कई दिनों से अभ्यर्थी आंदोलन में हैं। पुलिस इन पर पर लाठीचार्ज कर रही है। इसलिए हम राज्यपाल के पास ज्ञापन देने जा रहे हैं कि आप इस परीक्षा को रद्द करिए। इससे पहले पुलिस ने विधायकों को राजभवन जाने से रोका तो विधायक सड़क पर बैठ गए। विधायकों ने कहा कि नियम दिखाइए कि विधायक राज्यपाल से नहीं मिल सकते हैं। इसके बाद पुलिस ने उन्हें आगे जाने दिया। इस दौरान पुलिस से उनकी मामूली झड़प भी हुई।सोमवार को लेफ्ट और राजद ने बिहार बंद बुलाया था। इस दौरान 2 जगहों पर ट्रेनें रोकी गई थीं। 6 शहरों में सड़क जाम किया गया था।

## पटना में 4 सिपाही अभ्यर्थी गिरफ्तार

**पटना।** पुलिस ने फिजिकल टेस्ट के दौरान 4 और सिपाही अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। अब तक 21 कैंडिडेट्स की गिरफ्तारी हो चुकी है। सभी ने रिटेन एग्जाम में स्कॉलर बिठाया था। वीडियोग्राफी में फेस और बायोमेट्रिक अटेंडेंस में फिंगर प्रिंट मैच नहीं हुआ है। चारों अभ्यर्थी मंगलवार को फिजिकल टेस्ट देने गर्दनीबाग स्थित सेंटर पर पहुंचे थे। दो कैंडिडेट्स का वीडियोग्राफी में फेस मैच नहीं हुआ। जबकि 2 का बायोमेट्रिक अटेंडेंस में फिंगर प्रिंट मैच नहीं हुआ। तब मामले का खुलासा है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि स्कॉलर से रिटेन एग्जाम दिलवाया था। जिसके लिए मोटी रकम दी गई है। चारों को गर्दनीबाग पुलिस ने गिफ्तार कर रहा है। आरोपियों की पहचान सारण के गुड्डू राय, पटना जिले के बाढ़ निवासी रौशन कुमार, जहानाबाद के लल्लू कुमार और गुड्डू कुमार के तौर पर हुई है।

# गांजा पीने से रोका तो महिलाओं पर फेंका एसिड, चार लोग झुलसे

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर जिले के औराई थाना क्षेत्र के सरहंचिया गांव में गांजा पीने से रोकने पर एक परिवार पर एसिड से हमला किया गया। इस हमले में चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में तीन महिलाएं शामिल हैं, जिनमें से एक महिला के सिर पर लोहे की रॉड से हमला भी किया गया, जिससे उसका सिर फट गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सरहंचिया गांव में तीन आरोपियों, विजय साह, राधेश्याम साह और मुनचुन साह ने शराब के नशे में पड़ोस के एक घर में घुसकर गांजा पीने की कोशिश की। जब महिलाओं ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।



इसी दौरान तेजाब से हमला किया गया, जिसमें चार लोग झुलस गए। आरोपियों ने शांति देवी के घर में घुसकर उन्हें और उनके परिवार पर तेजाब फेंका। बचाव के दौरान शांति देवी के सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया गया, जिससे उनका सिर फट गया।घटना में घायल आरती देवी ने बताया कि आरोपी पहले भी उनके घर में आकर गांजा पीते थे और परिवार द्वारा बार-बार इसका विरोध किया जाता था। इस बार जब महिलाओं ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने हिंसक हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। उन्होंने बताया कि यह घटना गांजा पीने को लेकर हुए विवाद के कारण हुई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। ग्रामीण एसपी ने आश्वासन दिया है कि फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और घायलों को न्याय दिलाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। घायलों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि तेजाब से झुलसे घायलों की हालत गंभीर है। वहीं, शांति देवी की सिर की चोट के कारण उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।




## उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के नेता की हत्या

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने पूर्व सरपंच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा दल के प्रखंड अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना सीतामढ़ी जिले के महिंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत चक्की ढाब की बताई जा रही है। मृतक की पहचान रामपुरहरी थाना क्षेत्र के कोइली निवासी रामप्रीत प्रसाद के पुत्र मनोज कुमार कुशवाहा (37) के रूप में की गई है। वह मीनापुर थाना क्षेत्र के कोइली पंचायत से वर्ष 2016 से 2021 तक सरपंच रह चुके हैं और अभी लकड़ी का कारोबार करते थे। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अपराधियों ने लकड़ी को दिखाने के बहाने बुलाया।

# चार माह पहले ही राज्य के किसानों को बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य हुआ पूरा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के डेढ़ लाख किसानों को 2025 मार्च तक बिजली पहुंचाने की लक्ष्य रखी गयी थी। विद्युत वितरण कंपनियों ने उस लक्ष्य को चार महीने पहले दिसंबर में ही पूरा कर दिया। सरकार की महत्वाकांक्षी सीएम कृषि विद्युत संबंध योजना फेज-2 के तहत कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के प्रयासों में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 2024-25 के लिए निर्धारित 1,50,000 कृषि विद्युत कनेक्शनों का लक्ष्य दिसंबर माह में ही पूरा कर लिया गया। इसके साथ ही, निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए अब तक कुल 1.55 लाख कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के फेज-2 का लक्ष्य 4.80 लाख कनेक्शन प्रदान करना है, जिसे सितंबर 2026 तक पूरा किया जाना है। यह योजना किसानों को सशक्त बनाने और कृषि उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से लागू की गई है। वितरण कंपनियों ने यह सुनिश्चित किया है कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी हो। किसानों को आवेदन की सुविधा मोबाइल ऐप और स्थानीय सहायता केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। ऊर्जा सचिव एवं बीएसपीएचसीएल के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने बताया कि योजना के तहत समय पर आवेदन करने वाले किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही, लंबित कनेक्शनों को भी तय समय-सीमा में पूरा करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ऊर्जा सचिव ने कहा कि यह हमारी साझा प्रतिबद्धता का परिणाम है कि 2024-25 के लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले प्राप्त कर लिया गया।




# कृषि एवं सम्बद्ध कृषि क्षेत्रों को सहकारिता के माध्यम से बनायें सशक्त : डॉ. प्रेम कुमार

**केटी न्यूज/बाढ़**

माननीय मंत्री ने तमिलनाडु की सहकारी समितियों के द्वारा सहकारिता के क्षेत्र कार्य की प्रशंसा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तमिलनाडु की सहकारिता मॉडल सराहनीय है, जिससे प्रेरणा लेकर राज्य में भी कार्ययोजना तैयार किया जाए तथा राज्य के किसानों को आवश्यक वित्तीय सहायता दी जा सके तथा स्वरोजगार के अवसरों का विकास किया जा सके। अपने तमिलनाडु भ्रमण के क्रम में डॉ॰ प्रेम कुमार, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग ने कन्याकुमारी के मारथनडम में स्थित दी मारथनडम बी-कीपर्स कॉपरेटिव सोसायटी तथा थालाकुलम इरानील पैक्स का भ्रमण के दौरान वहां के सचिव तथा अन्य सदस्यों के साथ उनके कार्यकलापों पर चर्चा की। दी मारथनडम बी-कीपर्स कॉपरेटिव सोसायटी के सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समिति 1937 से कार्यरत है और इसमें 2000 से अधिक मधुमक्खीपालक सदस्य हैं, जिनसे समिति



नियमित रूप से उचित दर पर शहद क्रय करती हैं। समिति के द्वारा शहद उत्पादक किसानों को आवश्यक सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करायी जाती है इससे सदस्यों को अपने उत्पाद के लिए बाजार तथा पूंजी, उपस्कर आदि के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। माननीय मंत्री महोदय ने समिति में शहद की प्रोसेसिंग यूनिट का भी भ्रमण किया तथा शहद उत्पादन, मोम उत्पादन की प्रक्रियाओं को समझा तथा उसकी सराहना की।विदित है कि बिहार में भी शहद उत्पादक सहकारी समितियों के संघ का गठन किया जा रहा है।

## जेएमएम बिहार विधानसभा में किस्मत आजमाने को तैयार

**रांची।** बिहार में 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) इस बार महागठबंधन के तहत चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने बिहार विधानसभा की कम से कम 12 सीटों पर दावेदारी ठोकने का मन बनाया है। सूत्रों के मुताबिक, झामुमो राजद और कांग्रेस से बिहार में चुनाव लड़ने के लिए 12 सीटें मांगने की योजना बना रहा है।पार्टी का दावा है कि बिहार के सीमावर्ती इलाकों में उसका मजबूत जनाधार है। झामुमो का तर्क है कि इन क्षेत्रों में पार्टी के कार्यकर्ता सक्रिय हैं और पहले पार्टी के विधायक भी यहां से चुने जा चुके हैं।

**सरकार इस बात की पूरी गारंटी देती है कि दोषी को सख्त से सख्त सजा मिलेगी**

# बोले मंत्री नीरज सिंह बबलू... ट्रैफिक डीएसपी आदिल बिलाल मेंटल, मिले फांसी की सजा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार के मंत्री ने रोहतास के सासाराम में हुई दिल दहला देने वाली घटना को लेकर सरकार के मंत्री नीरज सिंह बबलू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक डीएसपी आदिल बिलाल की हरकत आपराधिक और शर्मनाक है। मंत्री ने आरोपी अधिकारी को मेंटल करार देते हुए उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मंत्री नीरज सिंह बबलू ने मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक डीएसपी आदिल बिलाल का घर में घुसकर गोली चलाना न केवल



क्रिमिनल एक्टिविटी है, बल्कि एक अमानवीय कृत्य है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ऐसे अपराधी को कम से कम फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मंत्री ने यह भी बताया कि आरोपी डीएसपी का इतिहास खराब है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब इस अधिकारी ने गलत कदम उठाया है। प्रोबेशन पीरियड में भी इस तरह की घटनाओं में उसकी संलिप्तता रही है। मंत्री ने बताया कि घटना के संबंध में बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, डीजीपी, डीआईजी और एसपी से बात हो चुकी है। आरोपी डीएसपी और उसके बॉडीगार्ड के हथियार जब्त कर लिए गए हैं। इसके अलावा न्यायालय में इस मामले को लेकर स्पीडी ट्रायल चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी के खिलाफ विभागीय जांच के साथ-साथ न्यायिक जांच भी की जाएगी ताकि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। मंत्री ने साफ किया कि इस मामले में किसी भी तरह की लीपापोती नहीं होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि हमारी सरकार इस बात की पूरी गारंटी देती है कि दोषी को सख्त से सख्त सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक डीएसपी की आपराधिक हरकत ने पूरे समाज को झकझोर दिया है और सरकार इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। मंगलवार की सुबह मंत्री नीरज सिंह बबलू सासाराम के शिवसागर प्रखंड स्थित सिलारी गांव पहुंचे।

# रिश्तेदार बन घर में आई महिला ने नशीला पदार्थ खिलाया और ले भागी आभूषण

- घर में अकेली थी पीड़िता, राजपुर थाना क्षेत्र के मंगराव गांव की है घटना
- पुलिस ने आरोपिता को यूपी से किया गिरफ्तार



केटी न्यूज/बक्सर

जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के मंगराव गांव में एक महिला ने पहले रिश्तेदार बनकर घर में जगह बनाई फिर मौका पा घर में अकेली महिला को दूध में नशीली पदार्थ पिला बेहोश कर दी। उसके बाद महिला घर में रखे नगद समेत लाखों के आभूषण लेकर फरार हो गई। बाद में पहुंचे महिला के पति ने हालात देखा व उन्हें निजी क्लिनिक में इलाज कराया। जहां होश आने के बाद महिला ने अपने पति को आपबीती सुनाई। मामले की जानकारी के बाद राजपुर थाने को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद महिला को यूपी से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

**अपने गांव का रिश्ता जोड़कर उनके घर रही :** जानकारी के अनुसार मगराव निवासी ललन पांडेय ने पुलिस को दिए आवेदन में इस बात का जिक्र किया है कि उनकी पत्नी घर पर थी। तभी 26 दिसंबर को एक महिला उनके घर आई जो कैमूर जिला के नुआंव थाना अंतर्गत गारा गांव के रंगी सेठ के लड़की होने की बात कही तथा बताई कि वह मंजू देवी उर्फ बताशा है, जो किसी काम से यहा आई थी और देर हो जाने से वह जाने में असमर्थ है। ऐसे में बहला फुसलाकर वह अपने गांव का रिश्ता जोड़कर उनके घर रही। रिश्तेदार की तरह खाना खाने के बाद पूरी रात बिताई। 27 दिसंबर की सुबह गुरुवार को जब परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर चले गए। तभी इस महिला ने दूध में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर इन्हें दे दिया। दूध पीते ही महिला बेहोश हो गयी। घर में कोई सदस्य नहीं होने से महिला मंजू देवी उर्फ बताशा ने मालकिन के गले में मौजूद सोने का चैन, घर में रखे गए लगभग 12 हजार रुपये नगद कुछ अन्य जेवरात के अलावा लगभग आधा दर्जन कीमती वस्त्र लेकर फरार हो गई। घर की मालकिन बेहोशी की हालत में पड़ी रही। कुछ घंटे बाद जब उनके पति ललन पांडेय घर वापस आए तो पत्नी को बेहोशी की हालत में देखकर आश्चर्य में पड़ गए। तत्काल उन्हें किसी निजी क्लीनिक में ले जाकर इलाज कराया।

**आवेदन मिलने पर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई :** वहीं, इसकी सूचना पुलिस को दी गई। आवेदन के बाद पुलिस ने घटना का जांच शुरू कर दी। अनुसंधान के साथ पुलिस ने बताशा को उत्तर प्रदेश के रामनगर से गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ कर पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। उधर पीड़ित महिला की स्थिति ठीक नहीं होने पर इलाज के लिए राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां इनका इलाज किया जा रहा है।

थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि इस मामले में वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान कर चोरी करने वाली महिला को पकड़ा गया। जिससे पूछताछ की गई। इसके बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

## नवज्योति आई हॉस्पिटल के द्वारा रघुनाथपुर में लगाया गया नि:शुल्क जांच शिविर



**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर में जय मां काली पूजा समिति लालपुल के सहयोग से नवज्योति सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल पटना के द्वारा मुफ्त जांच शिविर लगाया गया। जहां एम्स के पूर्व सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर कुमार परमानंद और उनकी विशेषज्ञ टीम के द्वारा 150 से अधिक लोगों की आंख की जांच की गई एवं मुफ्त दवा वितरित की गई। यह जांच शिविर रघुनाथपुर के एक निजी हाता में आयोजित हुआ था जिसका उद्घाटन समाजसेवी धीरेन्द्र मिश्र के द्वारा किया गया। शिविर में कई गांवों के लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। इस अवसर पर श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा चिकित्सकों की टीम को अंगवस्त्र और रुद्राक्ष का पौधा भेंटस्वरूप देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर कुमार परमानंद के द्वारा स्थानीय तुलसी आश्रम पर पौधरोपण भी किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजसेवी शैलेश कुमार ओझा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा कहावत को चरितार्थ करते हुए हॉस्पिटल के प्रबुद्ध डॉक्टरों ने अपना बहुमूल्य समय निकाल कर सेवा भाव से लोगों की जांच की। आयोजन से जुड़े सभी लोगों ने मानवता की मिसाल पेश की है। इस आयोजन को सफल बनाने में मुहम्मद शाहिद, बिरेन प्रसाद, नोना ठाकुर और नौशाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर सैकड़ो मरीज व उनके परिजन मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### 26 लीटर शराब जब्त, तस्कर फरार

**चौगाई।** मुरार पुलिस ने थाना क्षेत्र के चौगाई दलित बस्ती में शराब तस्करी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बस्ती के अलग-अलग घरों से 26 लीटर देशी शराब बरामद हुआ है। हालांकि, पुलिस के छापेमारी शुरू करते ही तस्कर भाग निकले। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में चार तस्करों को चिन्हित किया है। थानाध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### नालियों की नहीं हो रही है साफ-सफाई

**डुमरांव।** नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले खिरौली गांव में नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है। जिस कारण नालियों का पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर बह रहा है। इस संबंध में स्थानीय गांव निवासी अंशुमन चौबे ने बताया कि आलम यह है कि स्थानीय वार्ड पार्षद के दरवाजे के सामने भी मुख्य पथ पर नाली का पानी जमा हो रहा है। जो नगर परिषद की उदासीनता की कहानी बयां कर रहा है। बता दें कि नगर परिषद प्रशासन हर माह सफाई के नाम पर लाखों रूपए खर्च कर रहा है। बावजूद कई वार्डों में सफाई व्यवस्था फिसड्डी बनी हुई है।

## नये साल में कई योजनाओं के पूरा होने की जताई जा रही संभावना

# चौसा के लोगों की 2024 से टूटी आस अब नववर्ष पर टिकी विकास की उम्मीद

- वर्ष 2024 में नहीं पूर्ण हो सका 1320 मेगावॉट थर्मल पॉवर प्लांट व निकृष पंप योजना
- इस वर्ष भी अधूरा रह गया रेल ओवरब्रिज के पहुंच पथ का निर्माण, लोगों में आक्रोश

केटी न्यूज/चौसा





12 हजार करोड़ की लागत से किया जा रहा बक्सर विद्युत संयंत्र परियोजना का निर्माण

जिले के चौसा प्रखंड स्थित चौसा में वर्ष 2019 से निर्माणधीन 660-660 दो इकाइयों वाला 1320 मेगावाट बक्सर विद्युत संयंत्र परियोजना का कार्य तेजी से किया जा रहा था। इसको लेकर सरकार द्वारा घोषणा की गई थी वर्ष 2024 के दिसम्बर में इस परियोजना के तहत 660 मेगावाट की पहली इकाई प्रारम्भ कर दी जाएगी। हालांकि, अक्टूबर माह से ही घोषणा की गई थी। इस परियोजना महज थोड़े कार्य बाकी है। जिसका निर्माण अंतिम चरण में है। इससे जिले को आस थी कि बड़ी परियोजना में शुमार विद्युत संयंत्र प्रारम्भ कर दिया जाएगा। मगर, कच्चे माल कोयला व पानी आपूर्ति के संसाधन के साथ प्लांट निर्माण के भी अभी कार्य पूरा किये जाने है। कार्यों में देरी से उस लागत बढ़ती जा रही है। निर्माण में देरी से लोगों की आस भी टूटती जा रही है। बताया जा रहा इसका निर्माण नए वर्ष के जून में पूरा कर लिया जाएगा।

दो तीन वर्षों से चौसा के क्षेत्रों में विकास की बड़ी परियोजनाओं पर कार्य किये जा रहे थे। घोषणा की गई थी वर्ष 2024 में सारी योजनाएं पूर्ण कर ली जाएगी। मगर, वर्ष बीत गए तो लोगों की आस टूट गई। अब इन्हें नए वर्ष पर उम्मीदें है की उनकी आस पूर्ण कर दी जाएगी। आब आगे देखा जा रहा है क्या? नया वर्ष इस क्षेत्र के लोगों में खुशहाली ला सकेगा। लोगों की उम्मीदें जगी है।

**23 करोड़ की लागत से रेल ओवरब्रिज का पहुंच मार्ग भी अधूरा :** वर्ष 2015 से यातायात सुविधा हेतु चौसा 78 ए गेट पर निर्माण हो रहे रेल ओवरब्रिज के पहुंच पथ का निर्माण भी इस वर्ष अधूरा रह गया। जहा निर्धारित समय बीतने के छह माह बाद भी यह ओवरब्रिज का निर्माण पूरा नही किया जा सका। लगभग 23 करोड़ की लागत से रेल ओवरब्रिज के पहुंच पथ का निर्णन कार्य वर्ष 2023 में प्रारम्भ किया गया था। जिसे 2024 के जून तक पूरा किया जाना था। क्षेत्र के लोगों की आस थी वर्ष के अंत तक इस ओवरब्रिज का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। मगर, निर्माण कार्य अधूरा व कार्य की गति को देखते हुए लोगों द्वारा उम्मीद जतायी जा रही कि नववर्ष में यह योजना जनता को सुपुर्द किया जा सकता है।

**वर्ष 2012 से निर्माणधीन निकृष पम्प कैनाल के परिचालन की नववर्ष में उम्मीद :** वर्ष 2012 से निर्माणधीन छह मौजों को सिंचित करने के लिए, कर्मनाशा नदी में निर्माणधीन निकरिस पम्प हाउस से पानी उगलने का नववर्ष में लोगों की उम्मीद है। बताया जाता है कि वर्षों से महज थोड़े से कार्य पूरा न होने से यह योजना अधूरी पड़ी थी। दिसम्बर माह बचे कार्यों का निर्माण शुरू होने से लोगों की आस जग गई। अब इसका निर्माण बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। बता दे विद्युत कनेक्शन का कार्य पुर कर लिया गया है। थोड़ी बहुत पाइप जोड़ने का कार्य प्रारम्भ है। अभी हाल ही में सांसद ने इसका निरीक्षण कर घोषणा कर दी गई है। रबि में यह पम्प पानी उगलना प्रारम्भ कर देगा।

## फुटबॉल टूर्नामेंट : टाई ब्रेकर में नावानगर ने आटाव को 4-1 से हराया



**नावानगर।** स्थानीय गांव के प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में मंगलवार को आयोजित नावानगर खेल महोत्सव फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा मैच खेला गया। जिसमें नावानगर बनाम अटॉव के बीच रोमाचक खेल खेला गया। मैच काफी रोमांचक हुआ तथा निर्धारित समय के अंत तक दोनों ही टीमें बराबरी पर रही। जिसके बाद मैच के फैसला के लिए टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया। जिसमें नावानगर ने 4-1 से इस फुटबॉल मैच में जीत दर्ज किया। मैच का आयोजन नवयुवक आजाद स्पोर्टिंग क्लब नावानगर के सौजन्य से किया गया था। 90 मिनट के इस खेल में नावानगर व अटॉव की टीम 1- 1 गोल से बराबरी पर रही।जिसके बाद कमिटी ने टाई ब्रेकर से फैसला कराने का निर्णय लिया। जिसमे नावानगर की टीम ने 4-1 से बढ़त बना मैच को जीत लिया। मैच का उद्घाटन आम आदमी पार्टी के वरीय नेता रमेश वर्मा ने फीता काटकर किया। मैच में निर्णायक व मुख्य रेफरी बिरेंद्र प्रसाद, संदीप शर्मा और मो रौशन अली रहे। मैच में मुख्य रूप से केशलाल यादव, सुदर्शन यादव, भूलू सिंह, मुनर सिंह, अविनाश शर्मा, विनय गुप्ता, बंटी सिंह, संदीप शर्मा की भूमिका सराहनीय रहा।

## कार्रवाई : डुमरांव एवं नया भोजपुर में शराब की खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**डुमरांव।** नव वर्ष के पूर्व संध्या पर डुमरांव व नया भोजपुर ओपी पुलिस ने तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान दोनों जगहों की पुलिस ने अलग अलग मामले में शराब की खेप के साथ एक-एक तस्करों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार डुमरांव पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर के लालगंज कड़वी मोहल्ले से 20 लीटर शराब के साथ रामजी कुमार पिता मुसाफिर राय को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर के पिता मुसाफिर व मां सुमन देवी पर भी शराब तस्करी के मामले में पूर्व में एफआईआर दर्ज हो चुका है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उसके घर शराब की खेप मंगवाई गई है। इस सूचना पर पुलिस ने जैसे ही छापेमारी करने पहुंची कि रामजी शराब से भरे गैलन को लेकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। अपर थानाध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, पुलिस ने साफाखाना रोड स्थित अनुसूचित जाति बस्ती के मल्लू मुसहर के घर छापेमारी कर सवा दो लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है। इस दौरान शराब तस्कर भागने में सफल रहा। उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। दूसरी ओर, नया भोजपुर ओपी पुलिस ने ओपी क्षेत्र के पुराना भोजपुर से एक तस्कर को 110 पीस 8पीएम ब्रांड शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान पुराना भोजपुर निवासी प्रदीप चौधरी पिता मुखलाल चौधरी के रूप में हुई है। ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

# डीएम का फरमान : अधिकारियों को छुट्टी स्वीकृति के बाद ही छोड़ना होगा मुख्यालय

- डीएम ने जारी किया निर्देश, विभिन्न स्तर के अधिकारियों के छुट्टी के लिए गाइड लाइन जारी

केटी न्यूज/बक्सर

बिना सूचना गायब रहने वाले अधिकारियों पर अब सरकार ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। गृह विभाग के निर्देश पर डीएम अंशुल अग्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है कि बिना छुट्टी स्वीकृत कराए अब कोई भी अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

प्राय: ऐसा देखा जा रहा है कि जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी द्वारा अवकाश आवेदन ई-मेल पर भेज कर अवकाश स्वीकृति की प्रतीक्षा किये बगैर मुख्यालय छोड़ दिया जाता है। डीएम अंशुल अग्रवाल ने ऐसे अधिकारियों पर सख्ती दिखाई है। उन्होंने इसे नियमसंगत नहीं बताया है और कहा है कि किसी संवर्ग के पदाधिकारी अवकाश तिथि के तीन दिन पूर्व उचित माध्यम से अवकाश स्वीकृति के लिए आवेदन पत्र डीएम को समर्पित करेंगे, अन्यथा आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उनका अवकाश अस्वीकृत किया जायेगा।

वैसे जिला स्तरीय पदाधिकारी जिनका अवकाश स्वीकृति के लिए सक्षम प्राधिकार उनका विभाग है, वे पदाधिकारी विभाग के स्वीकृत्यादेश की प्रति संलग्न कर डीएम को सूचित करने के बाद ही मुख्यालय छोड़ेंगे। ऐसा देखा जा रहा है कि अपने विभाग या सक्षम प्राधिकार को अवकाश आवेदन भेजते हुए उसकी प्रति डीएम को देकर मुख्यालय छोड़ दिया जाता है। यह ज्ञात नहीं हो पाता है कि विभाग द्वारा स्वीकृति प्राप्त है या नहीं। डीएम ने अपने पत्र में बताया है कि प्रखंडों के बीडीओ डीडीसी के माध्यम से अवकाश तिथि के तीन दिन पूर्व डीएम को अवकाश आवेदन समर्पित करेंगे। जबकि सीओ अपने संबंधित एसडीओ के माध्यम से अवकाश तिथि के तीन दिन पूर्व डीएम को अवकाश आवेदन समर्पित करेंगे। वहीं, सीडीपीओ, आईसीडीएस डीपीओ के माध्यम से अवकाश तिथि के तीन दिन पूर्व डीएम को अवकाश आवेदन समर्पित करेंगे।

वहीं, प्रखंड स्तरीय व पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी अवकाश की स्थिति में अपने सक्षम प्राधिकार से अवकाश की स्वीकृति की सूचना जिलाधिकारी को उचित माध्यम से देने के बाद ही मुख्यालय छोड़ेंगे। इस संबंध में निदेश दिया जाता है कि उक्त निदेशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

# बक्सर में वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक बरामद, बाइक चोर फरार

- कागज लाने के बहाने बाइक छोड़कर भाग निकला चोर

केटी न्यूज/बक्सर



जिला मुख्यालय में ट्रैफिक पुलिस ने प्रतिदिन की तरह वीर कुंवर सिंह चौक पर चलाये जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की एक बाइक बरामद की, लेकिन बाइक चोर पुलिस को चकमा दे फरार हो गया।

पुलिस द्वारा बताया गया कि ट्रैफिक पुलिस नियमित वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका। जब उससे वाहन के दस्तावेज मांगे गए, तो वह कागज लाने के बहाने बाइक छोड़कर भाग निकला। जब बाइक के नंबर की जांच की गई तो पता चला कि बाइक अक्टूबर 2024 में सिमरी थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। बाइक मालिक काजीपुर निवासी विक्की गोड है जिसने 14 अक्टूबर को थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि दुर्गापूजा मेले के दौरान उनकी और उनके दोस्तों की तीन बाइक गायब हो गई थीं।

ट्रैफिक प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि जिले भर में चौक-चौराहों पर नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। फरार चोर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आरोपी की गिरफ्तारी से अन्य चोरी हुई बाइकों का भी खुलासा हो सकता है। चोरी की बाइक बरामद होने की जानकारी विक्की गोड को दे दी गई है। बाइक को कोर्ट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मालिक को सौंपा जाएगा।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे वाहन जांच के दौरान सही दस्तावेज साथ रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।




## डुमरांव के साफाखाना रोड बनाने की विधायक ने की अनुशंसा, नये साल में होगा बनना शुरू

# सड़क के बनने से डुमरांव और सिकरौल का होगा सीधा जुड़ाव

- जर्जर हो जाने के कारण बच्चों से लेकर महिलाओं व बुजुर्गों को तक सड़क पर आने-जाने में होती है परेशानी

केटी न्यूज/डुमरांव



नये साल में नगरवासियों को साफाखाना रोड का मिलेगा तोहफा। एक दशक से जर्जर पड़े इस सड़क को बनाने की अनुशंसा स्थानीय विधायक अजीत कुशवाहा ने कर दिया है। डुमरांव-बिक्रज रोड से शुरू होकर सिकरौल लख राजवाहा के पास तक इस रोड को बनाया जाएगा। रोड का अस्तित्व पूरी तरह से मिटकर गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिस पर पैदल चलना भी मुश्किल है। बरसात के दिनों में इसकी स्थिति और बदतर हो जाती है। रोड पर उभर आए गड्ढों में पानी भर जाने से जलजमाव की स्थिति बन जाती है। ऐसे में गड्ढों की गहराई का पता नहीं चलता और वाहन आकर उसमें फंस जाते हैं, जिससे जाम की समस्य उत्पन्न हो जाती है। इसमें बच्चों से लेकर महिलाओं व बुजुर्गों को तक आने-जाने में परेशानी होती है।

**डेढ़ दर्जन पंचायत के लोगों को होगा फायदा :** इस रोड का जुड़ाव बिक्रमगंज-डुमरांव हाईवे से है, जिसका नावानगर प्रखंड के सिकरौल और डुमरांव प्रखंड के डेढ़ दर्जन पंचायत के लोगों को फायदा होगा। डुमरांव और नावानगर प्रखंड के लोग समान खरीद असानी से नहर रोड पकड़ पंचायत के गांवों में पहुंच जाएंगे। इतना ही नहीं नगर थोक और खुदरा दुकानदारों को भी परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। विदित हो कि साफाखाना रोड में फलों से लेकिन किराना समानों की थोक विक्रेताओं की दर्जनों दुकानें मौजूद हैं। रोड बन जाने से वाहन असानी से प्रवेश कर जाएंगे और समानों की खरीदारी कर वाहन में लोड कर अपने निश्चित स्थान पर लेकर लोग पहुंच जाएंगे। वर्तमान स्थिति यह है कि बड़े-बड़े वाहनों पर माल जब आता है, तब उसे नहर रोड पर उतार कर गोदाम में मजदूर लगाकर पहुंचाना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ता है। रोड बन जाने से इस मुसीबत से दुकानदारों को काफी फायदा होगी। शादी-विवाह में भी बारात लगाने और ले जाने में जलजमाव और जर्जर रोड से होने वाली परेशानी भी दूर हो जाएगी।

**इस सड़क का है विशेष महत्व :** बताया जाता है कि शहर के लोगों के लिए इस सड़क का विशेष महत्व है। इस मार्ग पर दर्जनों कोचिंग संस्थान, प्रतिष्ठित दुकानें और आधा दर्जन से अधिक फलों के गोदाम हैं। ऐसे में इस सड़क के बन जाने से आए दिन लगने वाले जाम से छात्र-छात्राओं को निजात मिलेगी।



# भोजपुर में चेन के लिए विवाहिता की गला दबाकर हत्या, प्राथमिकी दर्ज

- उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खलीसा गांव में सोमवार की रात घटी घटना
- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खलीसा गांव में सोमवार की रात गला दबाकर एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। जिसके कारण परिजन द्वारा ससुराल वालों पर ही उसकी गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद पुलिस द्वारा एफएसएल की टीम को बुलाया गया। सूचना पाकर एफएसएल की टीम घटनास्थल पहुंची और घटनास्थल से कई साक्ष्य को संकलन किया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतका उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खलीसा गांव निवासी रितेश कुमार की 21 वर्षीया पत्नी लीलावती देवी है।

इधर चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी व मृतका के पिता रमेश सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी लीलावती देवी की शादी 15 अप्रैल वर्ष 2021 में संजय सिंह के पुत्र रितेश कुमार से लेनदेन के साथ एवं पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के एक साल बीत जाने के बाद से ही उसकी सास,ससुर व पति द्वारा सोने की चेन व पैसों की मांग किया जाने लगा। जिसको लेकर उसके साथ बराबर मारपीट किया जाता और उसे प्रताड़ित किया जाता था। तभी उनके द्वारा कहा गया था कि वह बाद में दे देंगे। इसी बीच सोमवार की सुबह करीब नौ बजे उनको अपनी बेटी से अंतिम बार बात हुई थी। इसके बाद सोमवार की रात में उन्हें सूचना मिली के उनकी बेटी की मौत हो गई। सूचना पाकर मंगलवार की सुबह जब परिजन उसके ससुराल खलीसा गांव पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में पलंग पर पड़ी हुई और उसे ऊपर से रजाई एवं चादर से ढक दिया गया है। उधर ससुराल के सभी लोग घर छोड़ फरार हैं। इसके बाद परिजनों द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। बताया जाता है कि मृतका लीलावती देवी के शादी को तीन साल बीत जाने के बाद भी उसे कोई संतान नहीं था। वह अपने पांच बहन व एक भाई में तीसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां कुसुम देवी व चार बहन रीना कुमारी,प्रीति कुमारी निराशा कुमारी,खुशी कुमारी एवं एक भाई सुनील कुमार है। घटना के बाद मृतका के घर में हाहाकार मच गया है।इस घटना के बाद मृतक की मां कुसुम देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### एसडीएम ने सीओ व थानाध्यक्षों के साथ की बैठक, भूमि विवाद के निपटारे का दिया निर्देश



**डुमरांव।** एसडीएम राकेश कुमार ने मंगलवार को भूमि विवाद के निपटारे के लिए अनुमंडल के सभी सीओ व थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की सीमीक्षा की। इस दौरान एसडीएम ने पाया कि कई अंचलों में नीलाम पत्र वाद में जारी किए गए वारंट का तामीला नहीं कराया गया है। जबकि पिछली बैठक में जिनपर वारंट जारी हुआ था, उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश भी दिया गया था, लेकिन एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस पर एसडीएम काफी नाराज दिखे तथा उन्होंने कार्यसंस्कृति में सुधार लाने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि नीलाम पत्र वाद में जो भी वारंट जारी हुए है, उसका नोटिस तत्काल दिया जाए। वही, एसडीएम ने बैठक के दौरान सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नये साल के पहले सप्ताह में सिमरी में चिन्हित किए गए सरकारी भू-भाग से अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके अलावे दूसरे सप्ताह में डुमरांव व ब्रह्मपुर प्रखंडों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि सरकारी भू-भाग पर अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाना है। बैठक में अनुमंडल के सभी अंचलों के सीओ व सभी थानाध्यक्ष मौजूद थे।

### शीतलहर का प्रकोप: नहीं शुरू हुई सरकारी अलाव की व्यवस्था, निजी संसधान बना सहारा



**चक्की।** कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। प्रखंड के जवही, चक्की, अरक और चंदा पंचायतों में ठंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गंगा किनारे स्थित इन इलाकों में हर दिन गिर रहे तापमान ने खासकर बुजुर्गों और बच्चों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ठंड से बचाव के लिए न तो अलाव की व्यवस्था है और न ही कोई अन्य सरकारी सहायता उपलब्ध कराई गई है। ऐसे में लोग निजी संसाधनों व अलावे के सहारे ही इस कठिन ठंड से निजात पाते दिखाई दे रहे है। जवही बीडीसी मुन्ना यादव, चक्की मुखिया गुंजन कुमार यादव, अरक मुखिया कलावती देवी का कहना है कि ठंड के इस मौसम ने गेहूं के फसल के लिए अच्छा है लेकिन बुजुर्गों के लिए प्रशासन की ओर से अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। दियारा क्षेत्र के लोग ठिठुरते हुए रात बिताने को मजबूर हैं। जवही दियर के बुजुर्ग ओमप्रकाश यादव, जमुना यादव, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, लालू सिंह,बलिराम सिंह ने बताया, ष्हम गरीब लोग सिर्फ अपने फटे पुराने कपड़ों के सहारे ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। अलाव की व्यवस्था न होने से हालात और खराब हैं। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस समस्या को गंभीर बताया है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र ठंड से राहत के लिए अलाव जलाने और जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने की मांग की है।

## खबरें फटाफट

### नये साल का जश्न मनाते दो गिरफ्तार

**ब्रह्मपुर।** नव वर्ष पर शराब पार्टी करने का मंसूबा पालने वाले दो युवाओं को अब जेल की हवा खानी पड़ रही है। पुलिस ने उन्हें पांच बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी अपाची बाइक भी जब्त कर ली है। नैनीजोर थानाध्यक्ष मो. फिरोज आलम के अनुसार ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ पोखरा निवासी मनीष यादव पिता इन्द्रदेव यादव तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निवासी विकास यादव पिता रामप्रवेश यादव नव वर्ष पर शराब पार्टी करने के लिए यूपी से शराब की पांच बोतल लेकर अपाची बाइक पर आ रहे थे। इधर महादेव डेरा के पास कोईलवर तटबंध पर मुश्तैद नैनीजोर थाने की पुलिस की नजर उनपर पड़ गई। पुलिस को देखते ही दोनों भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया तथा तलाशी लेने पर उनके पास से पांच बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने उनकी बाइक भी जब्त कर ली।

### झाड़ियों में तब्दील हुआ शहीद पार्क

**डुमरांव।** नगर का मशहूर शहीद पार्क जंगल का रूप ले लिया है। इसके भीतर लगे फूल और पौधे बद इंतजामी से सूखने लगे हैं। किसी भी पर्व त्योहारों में बच्चे, नौजवान, महिलाएं और बुजुर्ग लोग इसमें घुमते हुए आनंद उठाते हैं। इसमें लगे खेल के संसाधन के कारण प्रतिदिन बच्चे स्कूल का समय समाप्त होने के बाद इसमें पहुंच खेलते हैं। वर्तमान समय में महीनों से इसकी सफाई नहीं हुई है, लिहाजा इसके भीतर जंगली घास और पेड़-पौधों ने इसे अपना आशियाना बना लिया है। नव वर्ष की शुरूआत बुधवार को हो रही है, शहीद पार्क में लोग इसका आनंद उठाने के लिये जाते हैं, लेकिन वर्तमान में उसकी स्थिति यह है कि चारो तरफ जंगली घासों का सम्राज्य कायम हो गया है। जब वन विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया की हैंडओवर नहीं हुआ है।

## जगदीशपुर थाना क्षेत्र के संगम टोला मोड़ के समीप सोमवार के देर घटी घटना

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, मचा कोहराम

- इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में तोड़ा दम
- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के संगम टोला मोड़ के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ट्रक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई।इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।

जानकारी के अनुसार मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के संगम टोला वार्ड नंबर चार निवासी स्व.काशीनाथ सिंह के 60 वर्षीय पुत्र मदन मोहन सिंह है एवं वह पेशे से ट्रक चालक थे। इधर मृतक के बड़े बेटे संजय कुमार सिंह ने बताया कि वह ट्रक चलाते हैं और सोमवार की देर शाम में बाइक से जगदीशपुर अपने ट्रक पर जा रहे थे।उसी दौरान संगम टोला मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना जगदीशपुर थाना को दी गई। सूचना पाकर पुलिस फौरन वहां पहुंची और उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले आई। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वह उनके मोबाइल पर लगातार तीन बार कॉल किया। लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद उन्होंने अपने घर पर कॉल किया तो उन्होंने पता चला कि वह घर से ट्रक पर जाने के लिए पहले निकले हैं। इसके बाद स्थानीय थाना द्वारा उन्हें सूचना दी गई की उनके पिता का एक्सीडेंट हो गया है और वह जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में है।

सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में पड़े हैं। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी चंद्रकांति देवी व दो पुत्र संजय कुमार सिंह,वीर बहादुर सिंह एवं एक पुत्री बिंदु देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है इस घटना के बाद मृतक की पत्नी चंद्रकांति देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कुत्ते के बच्चे से कटवाने का विरोध करने पर धरदार हथियार से मारा, तीन जख्मी

**आरा।** जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के देवड़ी गांव में पालतू कुत्ते के बच्चे से कटवाने के विवाद को लेकर दंपति समेत तीन लोगों की धारदार हथियार से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। इस दौरान पड़ोसियों ने बेरहमी से तीनों जख्मियों पर जानलेवा हमला करते हुए लहूलुहान कर दिया गया। इस हमले में एक किशोर के गर्दन, पिता को दाहिने साइड गर्दन एवं मां के सिर में धारदार हथियार से हमला किया गया है। अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया और उसके बाद तीनों जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में गड़हनी थाना क्षेत्र के देवड़ी गांव निवासी स्व यदु शर्मा के 35 वर्षीय पुत्र मुन्ना शर्मा उनकी 33 वर्षीय पत्नी रीना देवी एवं 15 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार शामिल है। इधर घटना की जानकारी देते हुए जख्मी किशोर नीरज ने बताया कि उसके गली में कुत्ते के छोटेझछोटे बच्चे हुए। इसी में एक पप्पी जब हम गली से होकर घर जा रहे रहे थे तभी मेरा पीछा करते हुए घर आ गया। बताया जाता है कि जख्मियों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। वहीं मारपीट की घटना के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

# सीएम की संभावित यात्रा को लेकर एसडीएम ने किया पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण

**केटी न्यूज/सिमरी**



थान क्षेत्र अंतर्गत केशोपुर वॉटर ट्रिटमेंट प्लांट एवं परसनपाह पंचायत के पंचायत सरकार भवन के कार्य जोरों पर है, इसको लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। ऐसा माना जा रहा हैं कि इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा कि जा सकता हैं, लेकिन अभी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन के पास कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हैं।

इसी कड़ी में एसडीएम राकेश कुमार ने मंगलवार को परसनपाह पंचायत सरकार भवन एवं राजपुर कला पंचायत के विभिन्न विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान बातचीत मे बताया कि संभवतः मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हो सकता हैं। बहरहाल सरकार की योजनाओं को धरातल पर सुचारू रूप से उतारना प्रशासन की जिम्मेदारी होती हैं। इसलिए सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजना को विकास की पथ पर चलाया जा रहा। राज्य सरकार के द्वारा फिलहाल गांव के बच्चों के लिए खेलकूद के मैदान एवं पुस्तकालय तथा अन्य बौद्धिक विकास के लिए संसाधन को तैयार करना प्रथम प्राथमिकत बन गई है। जिस कारण परसनपाह पंचायत के पंचायत सरकार भवन मे बुद्धा पार्क, रोज पार्क, 27 नक्षत्र वाटिका, डिजिटल ब्रह्मपुत्र पुस्तकालय, खेल स्टेडियम, डाकघर, यात्री शेड, शुद्ध जल मंदिर पीयाऊ संरपच कक्ष, उप सरपंच कक्ष का निर्माण यथाशीघ्र किया जाना आपेक्षित हैं।

## सोनवर्षा थाना का एसपी ने किया निरीक्षण, पुलिस पब्लिक फ्रैंडली रखने पर दिया निर्देश

# महिलाओं से संबंधित समस्याओं को ध्यान से सुनने और तत्काल करें निष्पादन: एसपी

**केटी न्यूज/नावानगर**



एसपी शुभम आर्य ने मंगलवार को सोनवर्षा थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी बारी-बारी से सभी फाइलों को खंगाला। जिसमें आगंतुक पंजी, पासपोर्ट पंजी, आरटीआई पंजी, मालखाना पंजी, लोक शिकायत पंजी, वारंट, इश्तिहार, कुर्की, डैकती, लूट, फिरारी, दागी, गुंडा समेत अन्य पंजीयों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। थाना में संधारित सभी तख्ती एवं पंजियों का अवलोकन किया गया।

करीब दो घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान एसपी ने अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त निर्देश दिये। थाना में नियमित रुप से नोटिस निर्गत कर क्रिमनल परेड कराने एवं क्रिमनल की उपस्थिति दर्ज करने के साथ हीं नये दागियों को चिन्हित करते हुए उनपर कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया। इसके अलावा एसपी ने थाना के पुलिस पदाधिकारियों को पब्लिक फ्रैंडली रखने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा महिलाओं से संबंधित समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनने व उनकी समस्याओं का निष्पादन करने का आदेश भी दिए। शराब तस्करी की सूचना संकलन कर शराब बिक्री पर अंकुश लगाने एवं शराब तस्करों, माफियाओं की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा शराब से जुड़े अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शाना नहीं है। साथ ही विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से नियमित रूप से वाहन चेकिंग करने व चौकीदारों के माध्यम से सूचना संकलन करने पर एसपी ने थानाध्यक्ष को विशेष हिदायत दिया। क्षेत्र के सभी गतिविधियों पर नजर रखते हुए वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के रहने का आवास का भी निरीक्षण किया। साथ ही संपूर्ण परिसर को बेहतर ढंग से साफ सफाई रखने का निर्देश दिया।अंत में थाना में आए फरियादियों के आवेदन देने के पश्चात पावती पत्र का एक प्रति वादी उपलब्ध कराने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, इंस्पेक्टर श्रीनाथ समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।




## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सीएम रघुवर दास की बड़ी बहन का निधन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व सीएम और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास की बडी बहन का आज मंगलवार को निधन हो गया. रघुवर दास ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी जानकारी दी है. उन्होंने लिखा है कि मेरी मां स्वरूपा बड़ी बहन का आज निधन हो गया. महाप्रभु जगन्नाथ जी से प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को अपने निजधाम में स्थान दें. भावभीनी श्रद्धांजलि. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी बड़ी बहन की तस्वीर भी साझा की है.

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के चौरंगी-पाथरी सड़क पर सोमवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों का नाम विश्वनाथ सिंह (18 वर्ष) व डाबलू सिंह (19 वर्ष) है. दोनों बाइक से अपनी भांजी को जगन्नाथपुर छोड़कर वापस घर लौट रहे थे. रास्ते में पाथरी गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिसमें दोनों युवक घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल 108 एंबुलेंस से बहरागोड़ा सीएससी भेजा. वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद विश्वनाथ सिंह की गंभीर हालत देख उसे बेहतर इलाज के लिए पीआरएम मेडिकल कॉलेज बरिपदा रेफर कर दिया.

### दो बाइक चोर देसी कट्टा के साथ धराए, जेल भेजे गए

**दुमका, एजेंसी।** जरमुंडी थाना क्षेत्र के नीचे बाजार में ग्रामीणों ने दो बाइक चोरों को देसी कट्टा के साथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया. घटना रविवार दोपहर की है. दोनों युवक नीचे बाजार के पास प्रभात गण गैराज के पास बाइक चोरी करने की फिराक में थे. तभी उन पर ग्रामीणों की नजर पड़ गई और लोगों ने खदेड़ कर उन्हें दबोच लिया. दोनों ने अपना घर जरमुंडी थानाक्षेत्र के बरगो व खैराबांध बताया. ग्रामीणों ने पहले उनकी जमकर पिटाई की. फिर पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस दोनों की तलाशी ली, तो एक युवक के पास से देसी कट्टा बरामद किया गया. इसके बाद पुलिस उन्हें पकड़कर थाना ले गई. कागजी प्रक्रिया के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया.

### पश्चिमी विक्षोभ से उत्तर पश्चिम भारत में हुई बारिश और बर्फबारी से झारखंड में बढ़ेगी ठंड,

**रांची, एजेंसी।** रांची-झारखंड में आनेवाले दिनों में ठंड बढ़ेगी. पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर पश्चिम भारत में हुई बारिश और बर्फबारी के कारण राज्य का पारा गिरेगा. न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है. मौसम विभाग ने सुबह में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है.पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड में 28 और 29 दिसंबर को आसमान में बादल छाए रहे. अब बादल छंट गए हैं और आसमान साफ हो गया है. उत्तर पश्चिमी ठंडी हवाएं झारखंड की ओर बढ़ रही हैं. पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर पश्चिम भारत में बर्फबारी और बारिश देखने को मिली. इससे आनेवाले दिनों में झारखंड में ठंड बढ़ेगी.रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि आनेवाले दो दिनों में झारखंड में तापमान में गिरावट आएगी. न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस पारा गिरेगा. आनेवाले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहेगा.

### झारखंड में गोभी दो रुपये किलो, निराश किसान ने ट्रैक्टर से फसल को रौंदा

**रांची, एजेंसी।** किसान दिन रात कड़ी मेहनत कर अपने खेतों में फसल करते हैं. लेकिन झारखंड के किसान आज अपनी मेहनत पर ही पानी फेर दे रहे हैं. इसकी बड़ी है कि उन्हें अपना लाग मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है. जिससे वे निराश हैं. ग्रामीण इलाकों के बाजार में फूलगोभी और पत्ता गोभी दो रुपये किलो बिक रहा है. वहीं, शहरी इलाकों में गोभी 10 रुपये किलो बिक रही है. इसलिए अब किसान अपने खेतों पर टैक्टर चलाने को विवश हैं. रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बड़कीपोना गांव के किसान राधेश्याम महतो ने अपनी एक एकड़ जमीन में लगी पत्ता गोभी की फसल पर ट्रैक्टर चला कर उसे रौंद दिया. दो दिन पहले गोला में भी किसान ने इसी तरह फूलगोभी की तैयार फसल पर ट्रैक्टर चला दिया था.किसानों का कहना है कि खेत से तोड़कर फसल को बाजार तक लाने में जो खर्च आ रहा है, उतनी कीमत भी उन्हें नहीं मिल रही है.

# फरार हुए पत्नी को जलाने के आरोपित एसडीएम, सरकार ने पद से हटाया, जारी हुआ नया आदेश



**हजारीबाग, एजेंसी।** पत्नी अनीता देवी को जलाकर मारने के आरोपित हजारीबाग के सदर एसडीएम अशोक कुमार गिरफ्तारी के डर से फरार हो गए हैं। उन्हें एसआइटी तीन दिन से खोज रही है। पुलिस को सोमवार को भी उनका लोकेशन नहीं मिला। उनके भूमिगत हो जाने के बाद राज्य सरकार ने भी मामले को गंभीरता से लिया है।

अशोक कुमार को एसडीएम के पद से हटा दिया गया है। सरकार ने फिलहाल कार्मिक विभाग में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

सदर एसडीएम हजारीबाग के सरकारी आवास में अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी 26 दिसंबर की सुबह झुलस गई थी। इसके बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के भाई राजकुमार गुप्ता का आरोप है कि दूसरी महिला से अवैध संबंध के कारण अशोक ने साजिश रच अनीता को जला दिया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी के डर से एसडीएम भूमिगत हो गए। मृतका के स्वजन और स्थानीय लोग गिरफ्तार करने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। घटना की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक ने एसआइटी बनाई है।

दूसरी ओर हत्या या आत्महत्या का सच जानने के लिए सोमवार को एसपी अरविंद कुमार सिंह स्वयं एसडीएम के सरकारी आवास पहुंचे। एसपी के साथ सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह, लोहसिंघना थाना संदीप कुमार भी थे।

इस दौरान एसडीएम आवास की जांच की गई और वहां पर कार्यरत माली से लेकर हाउस गार्ड से पूछताछ हुई। करीब एक घंटे तक जांच के बाद एसपी व उनकी टीम वापस चली गई।

एसडीएम से जुड़ा मामला होने के कारण एसपी के निर्देश पर एफएसएल की टीम ने भी एसडीओ आवास की जांच की है। टीम ने उस स्थान से साक्ष्य इकट्ठा किए, जहां आग लगने की बात कहीं जा रही है।

एसडीएम आवास में चार कमरे है। इनमें बाहर के कमरे में एसडीओ का गोपनीय कार्यालय, दो कमरे शयन के लिए और एक रसोईघर भी है।पुलिस यह स्पष्ट नहीं कर रही है कि आग लगने की घटना किस कक्ष में हुई। एफएसल की टीम ने आग लगने के कारण भी तलाशे। अनीता के भाई के आवेदन पर एसडीओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। 27 दिसंबर की तिथि में यह प्राथमिकी हुई है और 27 की तिथि में ही एसपी ने जांच के लिए एक एसआटी का भी गठन किया है। इसमें एसडीपीओ सदर, इंस्पेक्टर दिनेश कुमार व थाना प्रभारी संदीप व दो अन्य दारोगा शामिल किया गया है।

इनके उपर जांच के साथ साथ आरोपित की गिरफ्तारी का भी जिम्मा है। अनीता के भाई ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत अन्य वरीय अधिकारियों को पत्र लिखकर इस मामले में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## 1984 में नामांकित 2 हजार से अधिक होमगार्ड, आज को हो जाएंगे रिटायर, नए आदेश से मचा बवाल

**रांची, एजेंसी।** वैसे गृह रक्षक जो 1984 में बहाल हुए थे, उन्हें एक जनवरी 2025 को सेवानिवृत्ति दी जा रही है। ऐसे गृह रक्षकों की संख्या दो हजार से अधिक है। उनकी ड्यूटी के आधार पर ही यह मान लिया जाएगा कि उन्होंने 60 वर्ष पूरी कर ली है। हालांकि, पूरे राज्य में गृह रक्षक इसका विरोध कर रहे हैं।

उनका कहना है कि कोई अक्टूबर 2025 में 60 साल का होगा, कोई नवंबर 2025 में 60 साल का होगा, उसे जनवरी में ही सेवानिवृत्त करना उचित नहीं। सरकार को अपनी नियमावली में संशोधन करना चाहिए।

इधर, गृह रक्षा वाहिनी सह अग्निशमन के डीजी अनिल पाल्टा का कहना है कि गृह रक्षा वाहिनी में यह सेवानिवृत्ति नियमत~ है। पहले से चली आ रही नियमावली के आधार पर ही उन्हें सेवानिवृत्ति दी जा रही है।

डीजी ने बताया कि जब गृह रक्षक बहाल हुए थे, तब कोई सातवीं पास था तो किसी ने आठवीं या नवमीं की थी। गृह रक्षक में बहाल होने का उम्र कम से कम 19 साल होना चाहिए।

उस वक्त जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं लिया गया था। अब जो 17 साल का था, वह भी गृह रक्षक बन गया था। उस हिसाब से देखा जाय तो उसका नामांकन ही अवैध था। इसके बावजूद उसने नौकरी की।

इन्हीं सभी बिंदुओं को देखते हुए गृह रक्षा वाहिनी की जो नियमावली बनी, उसमें नामांकन की तिथि को संबंधित गृह रक्षक को कम से कम 19 साल का बताया गया।

आज एक जनवरी को वैध तिथि घोषित किया गया। उसे ही आधार बनाकर गृह रक्षकों को सेवानिवृत्त किया जा रहा है। सरकार की नियमावली के अनुसार 1984 में नामांकित गृह रक्षक को 19 साल का माना गया। इस हिसाब से वह एक जनवरी 2025 को 60 साल का हुआ।

## ऊंचाई से रेल लाइन पर अचानक गिरी हाइवा, पटरी पर 4 घंटे तक मची रही अफरा-तफरी, टला बड़ा हादसा



**चक्रधरपुर, एजेंसी।** चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले बांसपानी रेलवे स्टेशन के समीप हाइवा ऊंचाई से सीधे रेल लाइन के ऊपर जा गिरी। इस हादसे में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जोड़ा टिस्को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इस हादसे के कारण मालगाड़ियों का परिचालन बांसपानी जरूली रेल खंड में चार घंटे बाधित भी रहा। जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार की सुबह दस बजे के आसपास बांसपानी स्टेशन के होम सिग्नल के समीप घटी।

बताया जा रहा कि घटना स्थल के बगल में रेल लाइन की थोड़ी ऊंचाई से एक सड़क मार्ग गुजरती है। उसी सड़क से एक हाइवा गुजर रही थी। इस बीच हाइवा चालक का नियंत्रण टूट गया, जिसके कारण हाइवा दिशा भटक गयी और सड़क किनारे ढलान पर चली गयी।

जब तक हाइवा चालक वाहन को नियंत्रित करता, तब तक हाइवा नीचे रेल लाइन पर जा गिरी। इस हादसे के बाद सेक्शन में ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया था।

इसके बाद, किसी तरह चालक को दुर्घटनाग्रस्त हाइवा से बाहर निकालकर पास के अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर हादसे के बाद रेलवे ने हाइवा को पटरी से हटाने के लिए डांगुवापोसी से रिलीफ ट्रेन के साथ 140 टन का क्रेन को घटना स्थल की ओर रवाना किया।

इससे पहले की रेलवे की क्रेन दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को घटनास्थल से हटाती, दो जेसीबी मशीन लगाकर हाइवा को रेल पटरी से दोपहर 1~30 बजे तक हटाकर रेल पटरी को खाली कर दिया गया था।

तेजी से हुए राहत बचाव कार्य के कारण ज्यादा देर तक पटरी बाधित नहीं रही। जिससे मालगाड़ी और यात्री ट्रेनें कम प्रभावित हुईं। वहीं, चक्रधरपुर रेल मंडल में नव पदस्थापित डीआरएम तरुण हुरिया हादसे के बाद अपना चैंबर छोड़कर सुबह से ही मंडल मुख्यालय के ट्रेन कंट्रोल रूम पर बने रहे।

### भाजपा में सांगठनिक चुनाव की तैयारी, 45 वर्ष से अधिक का नहीं होगा मंडल अध्यक्ष

**रांची, एजेंसी।** प्रदेश भाजपा में सदस्यता अभियान के साथ बूथ से प्रदेश अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. इसको लेकर प्रदेश चुनाव पदाधिकारी व सह चुनाव पदाधिकारी की घोषणा हो चुकी है. प्रदेश चुनाव पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में बूथ से लेकर प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया मार्च के पहले सप्ताह तक पूरी करने का समय निर्धारित किया गया है. इसको लेकर बूथ अध्यक्ष से लेकर जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर अर्हताएं तय की गयी है. संगठन में युवाओं को भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विशेष जोर दिया गया है. भाजपा में 45 वर्ष से अधिक का मंडल अध्यक्ष नहीं होगा. अगर ऐसा होता है तो ऐसे मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन प्रदेश स्तर से रद्द कर दिया जायेगा. वहीं जिलाध्यक्ष की उम्र 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. जिलाध्यक्ष के लिए कम से कम दो टर्म सक्रिय सदस्य रहना अनिवार्य रखा गया है.

संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में सबसे पहले बूथ अध्यक्ष का निर्वाचन होगा. बूथों पर दो से तीन सक्रिय सदस्य रहने पर ही चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी. 50-50 सदस्य बनाने वाले ही सक्रिय सदस्य बनेंगे. इसके बाद पहले एक नाम पर सहमति बनाने का काम किया जायेगा. अगर बात सहमति से नहीं बनी तो चुनाव होगा. इसी प्रकार मंडल अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी. 50 प्रतिशत से अधिक जिलों में निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी. प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया को पूरी करने के लिए केंद्र स्तर के पर्यवेक्षक आयेंगे. इनकी देखरेख में भी प्रदेश अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी.प्रदेश भाजपा की ओर से 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान की शुरुआत हो चुकी है. अब तक प्रदेश में तीन लाख से अधिक प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं.

# नये साल में बदल जायेगी धनबाद की सूरत, जाम से मिलेगी मुक्ति



**धनबाद, एजेंसी।** 2024 बीतने को है, नया साल 2025 खुशियां और नयी उम्मीदें लेकर आयेगा. 2024 में धनबाद को बहुत कुछ मिला. 2025 में काफी कुछ मिलने की उम्मीद है. नये साल में ट्रैफिक जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी. गया पुल नये अंडरपास का टेंडर हो चुका है. कुछ तकनीकी कारणों से टेंडर लटका हुआ है. जिस कंपनी का चयन किया गया है, वह प्राक्कलन राशि से 10.9 प्रतिशत अधिक रेट कोट किया है. विभाग की ओर से कंपनी को रेट कम करने के लिए लिखा गया है. नये साल में इस पर निर्णय लिया जायेगा. उम्मीद है कि जनवरी में अंडरपास का टेंडर फाइनल हो जायेगा. नया अंडरपास बनने के बाद ट्रैफिक जाम से शहर को निजात मिलेगी. एक अंडरपास से गाड़ियां की इंट्री होगी तो दूसरी अंडरपास से एग्जिट. 30.50 करोड़ की लागत से अंडरपास बनना है.

मटकुरिया-आरा मोड़ तक फ्लाईओवर का का काम शुरू हो गया है. फ्लाईओवर के लिए क्लिनिंग-ग्रेडिंग का काम चल रहा है. 154.51 करोड़ की लागत से 3.25 किमी फ्लाइओवर व सड़क का निर्माण होना है. मटकुरिया से आरा मोड़ तक नयी सड़क बनने से बैंक मोड़ फ्लाइओवर पर लोड घटेगा. गोल बिल्डिंग व मेमको मोड़ होकर शहर में इंट्री करनेवाले भारी वाहन सीधे बिनोद बिहारी चौक से आरा मोड़ फ्लाइओवर होते हुए मटकुरिया निकलेंगे. बोकारो व झरिया से आनेवाले वाहन मटकुरिया से फ्लाइओवर होते हुए बिनोद बिहारी चौक होकर निकलेगी. लिहाजा बिनोद बिहारी चौक का एक्सटेंशन किया जायेगा. यहां जंक्शन बनने के बाद वाहनों के आवागमन में परेशानी नहीं होगी. फ्लाईओवर के निर्माण के साथ जंक्शन का भी काम होगा. वर्ष 2027 जुलाई तक काम पूरा करने की डेड लाइन है.

नये साल में नगर निगम का अपना कार्यालय होगा. बिरसा मुंडा पार्क के पास बन रहे प्रधान कार्यालय का काम तेजी से चल रहा है. वर्ष 2025 में यह बनकर तैयार हो जायेगा. 2.6 एकड़ जमीन पर पांच मंजिला अत्याधुनिक प्रधान कार्यालय बन रहा है. 43 करोड़ की लागत से भवन बन रहा है. पांच मंजिला भवन में मेयर, डिप्टी मेयर, पार्षद, नगर आयुक्त समेत सभी अफसरों और कर्मचारियों का अलग-अलग कार्यालय कक्ष होगा.

न्यू टाउन हॉल की तरह नगर निगम का सांस्कृतिक भवन बनकर तैयार हो गया है. नया साल में धनबाद को तोहफा मिलेगा. बिरसा मुंडा पार्क के समीप सांस्कृतिक भवन बनाया गया है. पांच करोड़ की लागत से इसका निर्माण किया गया है. भवन में 500 दर्शकों की बैठने की जगह होगी. आठ हजार वर्गफीट का हाल तैयार किया गया है. नगर निगम का पुराना कार्यालय बैंक मोड़ को तोड़कर मल्टी स्टोरी पार्किंग सहित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है. 25 करोड़ की लागत से दो एकड़ पांच मंजिला मल्टीस्टोरीज बनायी गयी है. मल्टी स्टोरी पार्किंग चालू होने के बाद बैंक मोड़ में पार्किंग की समस्या समाप्त हो जायेगी. जाम से लोगों को राहत मिलेगी. पहले और दूसरे फ्लोर पर पार्किंग है. थर्ड, फोर्थ फ्लोर पर दुकान और कार्यालय है. सबसे ऊपरी मंजिल पर निगम का धनबाद अंचल कार्यालय है.

## हिंदी सभी भारतीयों को एकजुट करने में करती है मदद : सुमन सरकार



**जमशेदपुर, एजेंसी।** यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) की तुम्मलापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला (वर्कशॉप) का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आयकर विभाग, चेन्नई की पूर्व निदेशक (राजभाषा) व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरूपति की हिंदी सलाहकार सी. विजयालक्ष्मी मौदूद रहीं. अपर अधीक्षक (मिल) विपिन कुमार शर्मा ने डीएई की प्लेटिनम जुबली पर परमाणु ऊर्जा विभाग के परिचय से कार्यक्रम की शुरुआत हुई.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुमन सरकार, डीजीएम (मिल)/एचओडी ने कहा कि ÷हिंदी सभी भारतीयों को एकजुट करने में मदद करती है.. साथ ही उन्होंने हिंदी की महता से भी अवगत कराया. सी. मथिवानन, डीजीएम (पी/एस) ने इस तरह की कार्यशालाओं के आयोजन के लिए बधाई दी.

इसके पूर्व डीजीएम (लेखा) बी. श्रीकांत ने विजया लक्ष्मी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया. वहीं सुमन सरकार ने सी. विजयलक्ष्मी को शॉल और डीएई स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया. मुख्य अतिथि का परिचय संजय चटर्जी, मुख्य प्रबंधक (ई/पी/ए) और गोपीनाथ दास ने पढ़ा. धन्यवाद ज्ञापन हिमांशु तिवारी ने किया. वहीं कार्यशाला में कुल 140 यूसिल कर्मचारियों ने भाग लिया.

कार्यक्रम की सफल बनाने में एम. एस. राव, विजय कुमार, गौतम के., अमजद अली, राधिका, वामसी कृष्णा, शैलजा, दस्तगिरी, राजू, जे. डी. कन्नन, वासुदेव रेड्डी, तारकेश्वर राव, एन.वी.राजेश, टीसीएस रेड्डी, किशोर, रामबाबू बी., पी. श्रीहर्ष, एल. राजेश, गणेश एस. एस., हरिनाथ रेड्डी, एस. के. शर्मा, पेद्दा रेड्डी, एन.बाशा, किरण, कार्यक्रम के दौरान एस. एस. गुप्ता ने अहम योगदान दिया.

## धालभूमगढ़ में बड़ाम मंदिर के पास की भूमि घेरने का विरोध, चेतावनी

**धालभूमगढ़, एजेंसी।** धालभूमगढ़ प्रखंड स्थित नरसिंहगढ़ बेहरा हरिजन बस्ती के सार्वजनिक बड़ाम मंदिर के पास की भूमि को घेरना शुरू किया. इसके विरोध में सोमवार को हरिजन बस्ती के लोग प्रखंड कार्यालय पहुंच गये. विधायक प्रतिनिधि अर्जुन चंद्र हांसदा, पंसस प्रदीप राय, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ बेहरा के नेतृत्व में एसडीओ के नाम सीओ को ज्ञापन सौंपा. लोगों ने बताया कि सार्वजनिक देव स्थल बड़ाम थान प्लाट संख्या 133 में पूर्वजों के समय से वर्षों से पूजा कर रहे हैं. दो दिन पूर्व कुछ लोगों ने मंदिर के पास जमीन घेरकर बेचने का षड्यंत्र किया. पूर्वज अशिक्षित थे. इसका लाभ लेकर कुछ लोगों ने जमीन को अपने नाम पर खतियान बना लिया. मामले में उचित कार्रवाई की मांग की गयी है. जमीन घेरने वाले को मंदिर के पास की जगह छोड़ने के लिए कहा जायेगा, नहीं मानने पर हरिजन समाज आगे की कार्रवाई करेगा. ज्ञापन में वार्ड सदस्य रोहित बेहरा, अर्जुन बेहरा, प्रकाश बेहरा, विक्की बेहरा, आकाश बेहरा, बबली बेहरा, रानी बेहरा, शंकर बेहरा समेत 200 लोगों के हस्ताक्षर हैं. पूरी जमीन छोड़ने की बात कहना दुर्भावना से प्रेरित ~रैयत ज्ञात हो कि उक्त जमीन अजय साहा और भाइयों की रैयती भूमि है. श्री साहा ने बताया कि आपसी बंटवारे के बाद तीनों भाई जमीन का सीमांकन करा रहे हैं.

## गहराता जा रहा पुराना बाजार में दो चेंबरों के बीच का विवाद

**धनबाद, एजेंसी।** पुराना बाजार के दो चेंबरों के बीच विवाद गहराता जा रहा है. रविवार को पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा दो पूर्व अध्यक्ष सहित तीन सदस्यों को छह साल के लिए निष्कासित करने की घोषणा के बाद सोमवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार ने आपात बैठक बुलायी. पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के चयन पर ही सवाल उठाते हुए, असंवैधानिक बताया. पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भीखू राम अग्रवाल, प्रदीप नारनोली व मो सोहराब ने एक स्वर से कहा कि पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स का 2023-25 के कार्यकाल के लिए हुआ चुनाव पूरी तरह चेंबर के बॉयलॉज के विरुद्ध था. इसके बाद पूर्व अध्यक्ष सोहराब खान की दुकान पर बम चलवाया. इसकी लिखित शिकायत बैंकमोड़ थाना में दर्ज करवाया गया था. जिला चेंबर अध्यक्ष चेतन गोयनका की पहल पर दोनों पक्षों के बीच एक जिला स्तरीय बैठक हुई थी. 15 दिनों में दोनों पक्षों का विवाद सुलझाने की बात कही गयी थी, पर उस के बाद जिला चेंबर द्वारा कोई पहल नहीं की गयी. इसके बाद नया चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना का गठन किया गया. इस बात को लगभग 2 वर्ष बीत जाने की बाद सदस्यों की निष्कासन हास्यास्पद है. बैठक में पुराना बाजार पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष भिखू राम अग्रवाल,राजेश गुप्ता,प्रदीप नारनौली और सोहराब खान, नितिन अग्रवाल,राज कुमार गुप्ता,संजय पांडेय,पवन सोनी,दिनेश प्रसाद,दीपक झा,विजय सैनी,नवनीत रिटोलिया,इमरान अली,मुकेश अग्रवाल,अमरजीत सिंह,सलाउद्दीन महाजन,प्रदीप गुप्ता,सौरव गुप्ता,जय प्रकाश केजिवाल,दीपक कुमार सिंह,पंकज गुप्ता, सिद्धांत रवि, सुमित बरनवाल,सरदार नारायण सिंह,राहुल पोद्दार,भावेश राठौर,संजय भट्टाचार्य,कुणाल कुमार आदि मौजूद थे.

पूर्व अध्यक्षकों ने कहा कि जब हम लोगों ने अपना अलग संगठन बना लिया है, तो निष्कासन समझ से परे है. यह सारा जोड़ घटाव पद में बने रहने के लिए है. 23 वर्षों से एक ही व्यक्ति अध्यक्ष और सचिव के पद पर बने हुए है अब फिर छलांग मार कर अध्यक्ष से सचिव बनने की जुगत में है. यह सब उसी कड़ी का एक हिस्सा है. चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार में नये सदस्यों को जोड़ा जायेगा. जनवरी माह में नवगठित चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार की आम सभा बुलायी जाएगी और पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा. पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि रविवार को हुई बैठक पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सचिव श्रीकांत अग्रवाल चार दिनों से शहर से बाहर हैं फिर कैसे बैठक बुलायी गयी. पुराना बाजार चेंबर की बैठक ही असंवैधानिक है.

जिला चेंबर का चुनाव हारने के बाद पूर्व अध्यक्ष हतोत्साहित हैं. अनर्गल बयान दे रहे हैं. सचिव श्रीकांत अग्रवाल की स्वीकृति के बाद ही बैठक बुलायी गयी थी. बैठक की तिथि तय थी.

## झारखंड में अब एक एकड़ से कम वाले निजी तालाबों का भी होगा जीर्णोद्धार: मंत्री शिल्पी

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि भवन का किया औचक निरीक्षण



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में अब एक एकड़ से कम में बने निजी तालाबों का भी सरकार जीर्णोद्धार कराएगी। अगले वित्तीय वर्ष में निजी तालाब को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अब तालाब के जीर्णोद्धार के दौरान एक तरफ से सीढ़ी का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके निर्देश कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को कांके कृषि भवन के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए।

वर्तमान में निजी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए कम से कम एक एकड़ और अधिक से अधिक पांच एकड़ वाले तालाब की योजना चल रही है। इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों के छोटे तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है। मंत्री ने विभाग के जरिये आने वाले समय में सब्जियों के एमएसपी तय करने की दिशा में काम करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि फूल गोभी या पत्ता गोभी जैसी सब्जियों का दर दूसरे राज्य के व्यापारी आकर कम कर रहे हैं। इससे स्थानीय किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है।मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि भवन में कर्मियों और अधिकारियों के छुट्टी पर चले जाने को लेकर नाराज दिखी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस से लेकर नये साल या दूसरे पर्व त्योहार मनाना जरूरी है लेकिन इसका काम पर असर नहीं पड़े, इसका ध्यान रखना चाहिए। आज जब मैं यहां पहुंची हूं तो 50 प्रतिशत कर्मी और अधिकारी 15 से 20 दिन के अवकाश पर हैं। झारखंड में पहले से ही सरकारी कर्मियों की कार्य संस्कृति गड़बड़ रही है। इसमें सुधार जरूरी है और ऐसा करके हम विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कर सकते हैं।

मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट राशि को खर्च करने के साथ-साथ अगले वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी में सभी को जुट जाना होगा। इस दौरान जैविक खेती को लेकर दी गई जानकारी पर भी मंत्री आश्चर्य चकित दिखी। उन्होंने कहा कि इसके बारे में कितने लोग जानते हैं। पैकेजिंग, शॉर्टिंग और ग्रेडिंग को लेकर मंत्री ने जेएसएलपीएस के पलाश ब्रांड का उदाहरण दिया। तिर्की ने कहा कि जब दूसरे विभाग के जरिये ये किया जा सकता है तो यहां क्यों नहीं। उद्यान विभाग के द्वारा 27 एकड़ में बनाए जाने वाले हाई टेक नर्सरी में स्थानीय दो से तीन हजार ग्रामीणों को रोजगार देने का भी निर्देश मंत्री ने दिया। उन्होंने कहा कि लोग रोजगार के लिए दूसरे जगह पलायन करते हैं। ऐसे में हाई टेक नर्सरी में उनके रोजगार को सुनिश्चित कर पलायन को रोका जा सकता है।

## सुभाषितम्

पराजय से सत्याग्रही को निराशा नहीं होती बल्कि कार्यक्षमता और लगन बढ़ती है। - महात्मा गांधी

## अमेरिका के राष्ट्रपति पर 43 करोड़ का जुमार्ना

**अमेरिका की एक अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप पर** यौन शोषण के मामले में दोष मुक्त करने के लिए 5 मिलियन डॉलर का जुमार्ना लगाया है। जो भारतीय मुद्रा में लगभग 43 करोड रुपए होता है। कुछ दिनों के बाद ही अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप पर संघीय अदालत ने मानहानि और यौन शोषण के आरोप में मुआवजे के रूप में यह आदेश जारी किया है। 1996 में एक स्टोर की ड्रेसिंग रूम में यह यौन अपराध हुआ था। ट्रंप ने आरोप से इनकार किया था, उन्होंने मुकदमे में भाग नहीं लिया। अदालत ने इस मामले में 712 करोड रुपए का मुआवजा पीड़िता को देने का आदेश दिया था। इस निर्णय के बाद अमेरिका और भारत की न्यायपालिका को लेकर सारी दुनिया में चर्चा होने लगी है। अमेरिका में अदालतें सरकार और राजनीति से दूर रहते हुए अपने स्वतंत्र निर्णय करने के लिए आज भी स्वतंत्र हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद भी अमेरिका की अदालत में सबूतों और गवाहों के आधार पर यह निर्णय किया है। अमेरिका का राष्ट्रपति दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्रपति होता है। न्याय के मामले में अमेरिका के न्यायालय कोई भेदभाव नहीं करती हैं। जिसके कारण अमेरिका की न्यायपालिका पहले भी सर्वोच्च थी, आज भी सर्वोच्चता के साथ सारी दुनिया में अपना स्थान बनाकर रखा है। भारतीय न्यायपालिका संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए, नागरिकों के संवैधानिक मौलिक अधिकार एवं सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार फैसला करने के लिए सारी दुनिया में जानी जाती थी। तत्कालीन सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में जाकर अपनी गवाही देनी पड़ी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनके चुनाव को अवैध घोषित किया था। जिसकी अपील सुप्रीम कोर्ट में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ शर्तों के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को मान्य किया। भारतीय न्यायपालिका और न्यायाधीशों की साख को सारी दुनिया के देशों में बढ़ाया था। न्यायपालिका को संविधान ने सर्वोच्चतम स्थान दिया है। विधायिका और कार्यपालिका द्वारा बनाए गए नियम एवं कानून तथा संविधान प्रदत नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का दायित्व, भारतीय न्यायपालिका पर है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय न्यायपालिका न्यायप्रियता के लिए सारी दुनिया में जानी जाती थी। न्यायपालिका ने स्वतंत्रता के 6 दशक बाद तक, न्याय के मामले में सरकार का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया। जिसके कारण नागरिकों को न्यायपालिका पर हमेशा विश्वास रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय न्यायपालिका पर आम आदमी को वह विश्वास नहीं रहा, जो पहले हुआ करता था। पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका सरकार और सत्ता में बैठे हुए लोगों के साथ विशेष बर्ताव कर रही है। न्यायपालिका में आम आदमियों के लिए अलग कानून और खास आदमियों के लिए अलग कानूनी व्याख्या देखने को मिलने लगी है। भारतीय न्यायपालिका द्वारा जो आदेश दिए जाते हैं, उनका पालन विधायिका और कार्यपालिका द्वारा नहीं किया जा रहा हैं। इसके बाद भी न्यायपालिका कोई कार्यवाही नहीं करती है। अब सरकार के खिलाफ समन जारी करने से भी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट कोताही बरतने लगी है। जिससे सीधा संदेश जाता है, न्यायपालिका के ऊपर सरकार का दबाव है। 2014 के पहले की तत्कालीन सरकार के खिलाफ न्यायपालिका का अलग रुख था। 2014 से लेकर अभी तक न्यायपालिका का रुख पूरी तरह से बदला हुआ है। तब भी संविधान वही था, आज भी संविधान वही है। नियम कानून भी वैसे ही बने हुए हैं। संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार भी वही हैं। कानून बनाकर नागरिकों के मौलिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। बिना चार्ज सीट के विचाराधीन कैदी के रूप में आरोपियों को कई महीने और वर्षों तक जेलों में बंद रखा जा रहा है। जिस तरह के कानून बनाए जा रहे हैं। उसमें नागरिकों के मौलिक अधिकारों का अप्रत्यक्ष रूप से खत्म हो रहे है। पेगासस का सॉफ्टवेयर तथा ईड़ी के लिये बने विशेष कानून संविधान प्रदत नागरिक अधिकारों पर कैंची चलाई जा रही है।

## चिंतन-मनन

### भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य

**भगवान भौतिक जगत के पालन व** निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है। वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विध्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते। किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है। इसे ही भगवान की योगशक्ति कहा गया है।

# नव वर्ष 2025 पर संकल्प व लक्ष्य निर्धारित करें

नरेन्द्र भारती

**नव वर्ष 2025 में नए** संकल्प व लक्ष्य निर्धारित करने होगें ।नए साल में संकल्प लेने होगें कि आने वाला जीवन सुखमय रहे। भविष्य सुरक्षित रहे। नया साल सबके लिए सुखमय हो और समृद्धि लेकर आए। सपनों को साकार करें। गलतियों को सुधारें। नई उर्जा के साथ राहों को सरल बनाएं। जो बीत गया उसे भूल जाएं अब नए काम को अंजाम देना होगा। नव वर्ष 2025 का आगाज हो चुका है। साल 2024 बीत चुका है। 2024 में प्रकृति ने अपना रौद्र रुप दिखाकर मानव से दानव बनते जा रहे इंसान को औकात बता दी है कि अभी भी संभलने का समय है ।अगर अब भी गलतियां नहीं सुधारी तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। कुदरत का कैसा फरमान,पिंजरे में कैद हुआ इंसान ?आज कुदरत के कानून के आगे मानव बेबस हो गया है ।प्राणदायी प्रकृति ने इंसान को आईना दिखा दिया है ।प्रकृति की वेदना को संवेदनहीन व धनलिप्सा में डूबा मानव दरकिनार कर रहा है ।मगर प्रकृति ने अंधे हो चुके मानव की आंखे खोल दी है ।मानव से दानव बन चुके कलयुगी मानव को संयम व सबक सिखा दिया है ।जीवन ठहर गया है। प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता,प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा व पानी दे रही है ।मानव कृतध्न बनता जा रहा है ।मानव ने स्वार्थों की पूर्ति के लिए प्रकृति को लहूलुहान किया है ।आज प्रकृति ने अपना बदला ले लिया है। तबाही की इबारत लिख दी है। मानव का अहम मिटाकर रख दिया है। गलतफहमियों में जी रहे मानव आज प्रकृति के आगे नतमस्तक हो चुकें है ।अतीत में की गए कुकर्मो का पश्चाताप कर रहे है ।प्रकृति ने मानव को समय= पर आगाह किया मगर इंटरनैट की दुनिया के जाल में फंसा मानव खुद को प्रकृति से बड़ा माने लगा था उसे यह आभास नहीं था कि प्रकृति सबसे बड़ी गुरु है ।प्रकृति ने बहुत कुछ सहा है चारों तरफ गंदगी है वातावरण अशुद्ध हो गया है ।वातवरण कि शुद्धि के लिए प्रकृति मजबूर हो गई और मगरुर हो चुके इंसान का गुरुर तोड़ कर रख दिया है। अनजाने में हुई भूल को माफ किया जा सकता है मगर जानबूझकर की गई गलतियों की सजा प्रकृति ने मानव को दे दी है। मानव को जीवन और मौत की परिभाषा सिखा दी है ।यह प्रलय की आहट है। कुदरत ने भटक चुके मानव को पाप और पुण्य का अंतर समझा दिया है ।प्रकृति का एक संदेश है भटक चुके व अहंकारी इंसान के लिए जो कुदरत से खिलवाड़ करता था ।लॉकडाउन प्रकृति के लिए वरदान गया था और मानव के लिए अभिशाप बन गया था ।मानव ने प्रकृति के दामन को मैला करने की गुस्ताखी करके अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाडी मारी




है ।प्रकृति को अपने खिलाफ होने का निमंत्रण डिया है। किए की सजा को भुगतना ही पडेगा। आज हवा में प्रदूषण नहीं है वातावरण शुद्ध हो गया था पक्षियों व जंगली जानवरों के झुंड शहरों में चहलकदमी कर रहे थे क्योंकि आज मानव पिंजरे में कैद हो गया है ।खुली हवाओं में सांस ले रहे है ।आसमान साफ है रात को तारे टिमटमाते दिख रहे है। बर्फ के पहाड़ दिख रहे है। नदियां, झरने और तालाबों का पानी साफ हो चुका था निडर होकर जंगल के राजा शेर व अन्य हाथी,हिरन व भालू सड़कों पर आराम कर रहे थे लॉकडाउन से कानफोड़ू बसों व रेलों के हार्न बंद हो चुके थे ।करोडों के हिसाब से प्रदूषण फैलाने वाले बाहनों के पहिए थम गए थे प्रकृति क्या नहीं कर सकती व स्वतत्रं है ।मानव ने उसे बेड़ियों में बांधने की नापाक कोशिशें की है मगर प्रकृति ने रौद्र रुप दिखाया तो मानव एक जगह घर में स्थिर हो गया था और अपने भाग्य को कोस रहा था एक मिनट बरबाद न करने वाला मानव आज चुपचाप प्रकृति की मार झेल रहा ह था । चैबीसों घंटे माया के लिए भागदौड़ करने वाला व व्यस्त रहने वाला इंसान चाहरदीवारी में आराम से बैठ गया था ।प्रकृति आज खुश थी कि उसे जख्म देने वाला बिलख रहा है सिसक रहा है बाहर जाने को आतूर है छटपटाह रहा है, घुट रहा है मगर अभी समय लगेगा ।आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है ।गाय पर अत्याचार हो रहा है ।मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है ।मानव आज कैदी बन गया है ।प्रकृति के जख्म नासूर बन चुके है। जख्म रिसते जा रहे है ।जर्रा-जर्रा जख्मी है जख्मों के दाग साक्षात प्रकृति के शरीर पर दिया रहे है। इसके लिए मानव ही जिम्मेवार है ।प्रकृति का सीना छलनी करने वालों अभी कुदरत तुम्हें खून के आंसू रुलाएगी ।पल-पल का हिसाब मांगेगी ।वजूद खत्म कर देगी ।चंद सिक्को व कागज के टुकडों की चाहत में नदियों में खनन किया जा रहा है ।जीव-जन्तुओं को मारा जा रहा है। पहड़ों को काटकर आशियाने व बहुमंजिला इमारतें बना रहा है ।हजारों जन्तू मारे जा रहे है ।प्रकृति के आगे आज मानव के कर्मो का बही खाता खुल चुका है ।अब कुदरत खुद ही फैसला करेगी ।दर्द कैसा होता है पता चल जाएगा कि दूसरो को जख्म देना कितना असान होता है जब खुद जख्मी हो जाओगें तब होश ठिकाने आ जाएगें आ रहे है। मानव भी प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते जब प्रकृति अपना बदला लेती है तो नेस्तनाबू कर देती है ।धराशायी कर देती है ।पल भर में मिटटी में मिला देती है ।चिथडे उड़ा देती है जो कुदरत के विरुद्ध चलता है ।सबक सिखा देती है कि अभी भी समय है संभल जा मानव नही तो मौत के भीख मांगने के लिए मजबूर कर दूंगी। इनसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है ।क्योकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए,तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है। जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। देश में कभी भूकंप, कभी सुनामी, जैसी प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती है तो कभी बाढ़ का रौद्र रुप जिदंगियां लीलता है। लाखोंझारों लोग मारे जाते है। तब लोगों को होश आता समय= पर भीषण त्रासदियां होती रहती है मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते ।हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है मगर कुछ दिनो बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है तो इन बातों को भूला दिया जाता है। अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए तो आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है ।कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। मगर हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है ।मानव आज लापरवाही से जंगलों को बेरहमी से काट रहा है में आग लगा रहा है उस आग में हजारों जीव-जन्तु जलकर राख हो रहे हैं ।जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं ,जबकि सदियां गवाह है कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे ,मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया ।जीव-जन्तओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रूख करेंगें ।नरभक्षी बनेगें। आज प्रकृति से छेडछाड हो रही है ।नदियों को प्रदूषित किया जा रहा है ।प्रकृति के पास हर चीज का लेखा -जोखा है ।कुदरत की चक्की जब चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है ।यह अटल सत्य है। कुदरत की लाठी जब पडती है तो उसकी आवाज नहीं होती। प्रकृति इस धरा को अनमोल खजाना लुटाया है।

# सन 2024 की कई उपलब्धियां जो इतिहास बनी!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

**बीते वर्ष सन 2024 में** न्यायालय की बदौलत 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ था और 22 जनवरी सन 2024 को श्रीरामलला अयोध्या में अपने नये भव्य मंदिर में विराजमान हुए,इस अवसर पर देश दुनिया की नामचीन हस्तियां मौजूद रही। वही पेरिस ओलंपिक में भारत ने टोक्यो ओलंपिक का रिकॉर्ड भले ही नहीं तोड़ सका, लेकिन भारत की युवा स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने इतिहास रचकर कमाल कर दिया. मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल कैटेगरी में व्यक्तिगत और टीम इवेंट में दो कांस्य पदक हासिल की. जिसके साथ वो ओलंपिक में दो मेडल हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं ।टोक्यो ओलंपिक के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में भी सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रचा. हालांकि वह पाकिस्तान के अरशद नदीम से पीछे रहे गए जिन्होंने ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए एक असाधारण थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता. 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने कुल 6 पदक जीते ।पेरिस ओलंपिक के बाद पैरालंपिक खेलों में भी भारत का प्रदर्शन बेहद खास रहा. इस खेलों में भारत ने पेरिस पैरालंपिक के प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए इतिहास रच दिया ।भारत ने पेरिस पैरालंपिक में कुल मिलाकर 29 पदक जीते, जिसमें सात गोल्ड मेडल थे ।इसके अलावा 9 सिल्वर मेडल और 13 कांस्य पदक भी जीते. इससे पहले भारतीय पैरालंपिक खिलाड़ियों ने टोक्यो 2020 खेलों में अपना बेस्ट प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने 19 मेडल हासिल किए थे जिसमें 5 गोल्ड मेडल थे। टी20 विश्व कप जीतना पुरुष भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बेहद खास उपलब्धि साबित हुई. यह रोहित शर्मा की अगुवाई में मिली वह जीत थी जिसने भारत का पिछले 11 साल का आईसीसी ट्रॉफी न मिलने का दुःख समाप्त कर दिया। विश्व कप वेस्टइंडीज और यूएस की संयुक्त मेजबानी में हुआ था जहां भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को



बारबाडोस में सात रनों से मात देकर दूसरी बार टी20 विश्व कप की ट्रॉफी उठा ली। इससे पहले भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में साल 2007 में टी20 विश्व कप का उद्घाटन संस्करण जीता था ।शतरंज की दुनिया में भारत के डी गुकेश छाए रहे, जिन्होंने मात्र 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चेस चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया ।उन्होंने यह असाधारण उपलब्धि चीन के डिंग लिरेन को 12 दिसंबर, 2024 को हराकर हासिल की. इस जीत के साथ ही भारत को 11 साल बाद यह खिताब एक बार फिर वापस हासिल हुआ। इससे पहले केवल विश्वनाथन आनंद ने यह उपलब्धि हासिल की थी ।वही उत्तर प्रदेश के दीपोत्सव 2024 ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। सीएम योगी के नेतृत्व में रामनगरी में 25 लाख 12 हजार 585 दीप प्रज्ज्वलित हुए। 2023 में पिछली बार 22.23 लाख दीप प्रज्ज्वलित हुए थे। 2024 में पहली बार 1121 वेदाचार्यों ने सरयू नदी के तट पर आरती कर रिकॉर्ड बनाया ।इसी तरह देश मे नए आपराधिक कानून एक जुलाई, 2024 को लागू हुए और पहले के आपराधिक कानूनों- भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ले ली। 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 को मंजूरी दी थी ।2024 में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हुए। डोनाल्ड ट्रंप ने इस चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इलेक्टोरल कॉलेज में ट्रंप को 295 और कमला हैरिस को 226 वोट मिले। 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। रायबरेली से सांसद और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पहली बार लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष बने। करीब 10 साल बाद लोकसभा को नेता प्रतिपक्ष मिला है। बीते दो चुनावों में कांग्रेस के पास आवश्यक 10 फीसदी सीट शेयर नहीं था, ऐसे में पार्टी नेता प्रतिपक्ष के लिए दावा पेश नहीं कर पाई थी ।एक बड़ी उपलब्धि के रूप में ूमन इम्नयूनोडेफिशिएंसी वायरस यानी की वैक्सीन खोजने का रिकॉर्ड भी साल 2024 के खाते में दर्ज है। इस इंजेक्शन को लेनकापाविर नाम दिया गया है। फेज 3 के ट्रायल के दौरान इसे 96 फीसदी तक इफेक्टिव पाया गया। जिससे इस रोग के निदान में आशा की किरण जगी है।

## छत्तीसगढ़ : बागियों की कांग्रेस में वापसी को लेकर विवाद

सत्यप्रकाश दुबे

**छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस पार्टी के** भीतर बागियों की वापसी को लेकर हालिया विवाद ने न केवल राज्य की राजनीति में हलचल मचाई है, बल्कि पार्टी के आंतरिक संघर्ष और गुटबाजी को भी उजागर कर दिया है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कांग्रेस के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को एक पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने अजीत और आनंद कुकरेजा के पार्टी में पुनः प्रवेश का कड़ा विरोध किया। जुनेजा ने आरोप लगाया कि कुकरेजा परिवार ने पिछले तीन विधानसभा चुनावों (2013, 2018 और 2023) में उनके खिलाफ काम किया, जिससे न केवल उन्हें व्यक्तिगत नुकसान हुआ, बल्कि पार्टी की छवि और प्रदर्शन पर भी नकारात्मक असर पड़ा। इस पत्र में जुनेजा ने यह भी कहा कि कुकरेजा परिवार अब पैसे के बल पर पार्टी में वापसी की कोशिश कर रहा है, जो कांग्रेस के आदर्शों और सिद्धांतों के खिलाफ है। इस विवाद ने कांग्रेस पार्टी के भीतर गुटीय संघर्ष को और भी बढ़ा दिया, और इसके परिणामस्वरूप पार्टी के अंदर एक बड़ी राजनीति शुरू हो गई, जिसमें विभिन्न नेताओं ने अपने-अपने पक्ष को सशक्त बनाने के लिए बयान दिए और विरोध दर्ज किया। यह विवाद केवल कुकरेजा परिवार और जुनेजा तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कांग्रेस पार्टी के भीतर बढ़ते गुटीय संघर्ष, नेतृत्व के प्रति असंतोष और टिकट वितरण की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। इस मुद्दे ने यह भी दिखाया कि कांग्रेस पार्टी के भीतर कितनी अस्थिरता और गुटबाजी है, जो आगामी चुनावों में पार्टी के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। कुलदीप जुनेजा ने अपने पत्र में कुकरेजा परिवार पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि कुकरेजा परिवार ने पिछले तीन विधानसभा चुनावों में न केवल उन्हें व्यक्तिगत रूप से नुकसान पहुँचाया, बल्कि पार्टी की छवि को भी धूमिल किया। जुनेजा का यह भी कहना था कि कुकरेजा परिवार ने कांग्रेस के हितों के खिलाफ काम किया और अब पैसे के बल पर पार्टी में वापसी का प्रयास कर रहे हैं। यह आरोप न केवल कुकरेजा परिवार के लिए बल्कि पूरे कांग्रेस पार्टी के लिए एक गंभीर मुद्दा बन गया। जुनेजा ने पार्टी के आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए कुकरेजा परिवार की वापसी का कड़ा विरोध किया, और यह मुद्दा पार्टी के भीतर तीखी बहस का कारण बना। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। बैज ने कहा कि पार्टी ने बागियों की वापसी को लेकर एक समिति गठित की है, जो यह तय करेगी कि किन बागी नेताओं को पार्टी में पुनः शामिल किया जाए और किन्हें नहीं। बैज ने उन आरोपों को भी खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि कांग्रेस में टिकट वितरण पैसों के बल पर होता है। उन्होंने इसे अफवाह बताया और कहा कि पार्टी में टिकट वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी और सभी नेताओं की सहमति से होती है। इसके अलावा, बैज ने यह भी कहा कि पार्टी के निर्णय पूरी तरह से पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए लिए जाएंगे और किसी भी प्रकार के गुटीय दबाव में आकर कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष** आज हर काम सोच-समझकर करने का दिन है। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत की ज़रूरत है।

**तुला** आज धन में वृद्धि होगी और आज का दिन आपके लिए कामयाबी भरा रहेगा।

**वृषभ** आज दिन थोड़ा मुश्किलों से भरा हो सकता है। काम का बोझ बढ़ने से सेहत पर असर पड़ सकता है।

**वृश्चिक** आज आर्थिक लाभ होगा और धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपका प्रभाव बढ़ेगा।

**मिथुन** आज आर्थिक लाभ का दिन है। आपके पास पैसे आएंगे और आपका मूड अच्छा रहेगा।

**धनु** आज आर्थिक लाभ होगा। बच्चों से खुशखबरी मिलेगी। नए खर्चे सामने आ सकते हैं।

**कर्क** आज लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के संयोग बने हैं। दिन सामान्य रूप से फायदेमंद रहेगा।

**मकर** कहीं से रुका हुआ पैसा मिल सकता है। आपको किसी काम की जिम्मेदारी मिल सकती है।

**सिंह** आज आर्थिक लाभ होगा। परिवार में थोड़ी अनबन हो सकती है। हिम्मत और धैर्य से काम लें।

**कुंभ** आज आर्थिक लाभ होगा। लेन-देन में सावधानी बरतें। ज्यादा खर्च होने से कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कन्या** सम्मान में वृद्धि होगी। भाग्य आपका साथ देगा। राजनीति और समाज में थोड़ा तनाव रहेगा।

**मीन** आज आप अपने दुश्मनों के लिए परेशानी का सबब बनेंगे। आज का दिन सम्मान से भरा रहेगा।

## विशेष

### 2024 युवाओं के लिए धोखे का साल

**युवाओं और बेरोजगारों के लिए** 2024 का साल, धोखे वाला साल रहा है। पूरे साल सरकार की ओर से धोखा मिला। जो रीक्षाएं दी, उनमें धोखा मिला। भरती के लिए जो परीक्षाएं हुई, उनमें धोखा मिला। धोखे के खिलाफ सड़कों पर युवा उतरे, तो उन्हें पुलिस की लाठियां मिली। जो चाहिए था, वह नहीं मिला। हां बदले में धोखा और लाठियां खाने को जरूर मिली। यह स्थिति 1975 में थी। उस समय छात्रों के आंदोलन को देखते हुए जयप्रकाश नारायण ने आंदोलन छेड़ा। युवाओं ने सहभागिता की। जिसके कारण इंदिरा गांधी को डरकर आपातकाल लगाना पड़ा। युवाओं के बीच में चर्चा होने लगी है। जब तक वह सड़कों पर नहीं उतरेंगे, इसी तरह का धोखा खाते रहेंगे। रोज-रोज धोखा खाने से अच्छा है, कुछ समय पुलिस की लाठियां खा ली जाएं। इसके बाद भविष्य तो बेहतर होगा।

### सारी दुनिया में बजा, मनमोहन सिंह का डंका

**पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह** का निधन हो गया है। उन्हें मौन प्रधानमंत्री के रूप में जाना जाता था। उन्होंने जो काम किए हैं। वह बोल रहे हैं। मनमोहन सिंह के निधन के बाद जिस तरह से उनके कामों को लेकर सारी दुनिया में उनके नाम का डंका बज रहा है। सारी दुनिया के देशों से उनके किए गए कार्यों का उल्लेख हो रहा है। दुनिया के देशों से उनके लिए श्रद्धांजलि आ रही है। सरदार मनमोहन सिंह इतने असरदार थे। इसका पता मोदी सरकार को उनके जाने के बाद लगा है। जब तक व्यक्ति जिंदा रहता है उसकी कदर नहीं होती है। जब उसकी मृत्यु होती है, उसके बाद उसके किए हुए कामों से इतिहास में उसकी पहचान बनती है। यही सत्य है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1399 तैमूर दिल्ली के लिए मध्य एशिया से रवाना हुआ था. 1664 शिवाजी ने अपना सूरत अभियान शुरू किया था. 1862 भारतीय दंड संहिता प्रभावी हुआ. 877 दिल्ली दरबार में रानी विक्टोरिया भारत की सम्राज्ञी घोषित हुई. 1903 इंग्लैंड के शासक एडवर्ड सप्तम भारत के सम्राट बने. 1915 गांधीजी को कैसर-ए-हिन्द स्वर्ण पदक प्रदान किया गया. 1948 कश्मीर क्षेत्र पर पाकिस्तानी हमले के खिलाफ भारत ने राष्ट्र संघ से शिकायत की. 1949 कश्मीर में युद्ध विराम की घोषणा हुई. 1972 भारतीय राजवाड़ों की प्रिवीपर्स आदि सुविधाएं समाप्त की गई. 1973 साधारण बीमा का राष्ट्रीयकरण किया गया. 1976 टेलीविजन पर व्यावसायिक विज्ञापनों की शुरूआत हुई. 1991 अमरीका और रूस ने कुवैत पर इराकी कब्जे की निंदा की. 1992 प्रधानमंत्री नरसिम्ह राव द्वारा बाडमेर में नई सार्वजनिक वितरण प्रणाली का उद्घाटन.

## दैनिक पंचांग

**1 जनवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.39 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कुंभ | 09.25 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मीन | 10.58 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 12.29 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृष | 14.09 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | मिथुन | 16.07 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.20 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.36 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 22.48 बजे से |
| | | तुला | 00.59 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.14 ब.से |
| | | धनु | 05.30 बजे से |

**राहुकाल** 12.00 से 1.30 बजे तक

**बुधवार** 2025 वर्ष का पहला दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** पौष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 02.25 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 23.46 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 17.06 बजे को समाप्त। **करण** बालव 14.56 बजे तदनन्तर कौलव 02.25 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 01.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 00' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872211 **जूलियन दिन** 2460676.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 29 **विशेष** चंद्र दर्शन, अंग्रेजी नववर्ष।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




## दुनिया में सबसे पहले और सबसे आखिरी में नए साल का जश्न मनाने वाले देश कौन है?

सबसे पहले नए साल का स्वागत करने वाले देश किरिबाती, समोआ, और टोंगा हैं. भारतीय समयानुसार, इन देशों में नया साल 31 दिसंबर की शाम 3:30 बजे शुरू होता है. यहां हम उन देशों की चर्चा करने जा रहे है जो नए साल का स्वागत सबसे पहले करते है, वहीं उन देशों के बारें में बताने जा रहे है जो न्यू ईयर सबसे आखिरी में सेलिब्रेट करते है.

दुनिया भर में नए साल का जश्न टाइम जोन के अनुसार अलग-अलग समय पर मनाया जाता है, जिसे दुनिया भर में अलग-अलग परंपराओं और त्योहारों के साथ मनाया जाता है. पृथ्वी के घूमने के कारण, अलग-अलग देशों में नए साल का स्वागत अलग-अलग समय पर होता है, जिससे यह उत्सव समय क्षेत्र के अनुसार क्रमबद्ध रूप में मनाया जाता है. यहां हम उन देशों की चर्चा करने जा रहे है जो नए साल का स्वागत सबसे पहले करते है, वहीं उन देशों के बारें में बताने जा रहे है जो न्यू ईयर सबसे आखिरी में सेलिब्रेट करते है. सबसे पहले किरिबाती (किरितिमाटी द्वीप) पर नए साल का स्वागत करता है, जबकि सबसे आखिरी में अमेरिकन समोआ और बेकर द्वीप पर जश्न मनाते हैं. यह विविधता नए साल को अनोखा बनाती है.

### नए साल का पहला जश्न

सबसे पहले नए साल का स्वागत करने वाले देश किरिबाती, समोआ, और टोंगा हैं. भारतीय समयानुसार, इन देशों में नया साल 31 दिसंबर की शाम 3.30 बजे शुरू होता है. इसके बाद, जापान और दक्षिण कोरिया में भी नए साल का उत्सव मनाया जाता है, जो भारतीय समय के अनुसार 8.30 बजे शुरू होता है.

**किरिबाती (क्रिसमस द्वीप)** – किरिबाती के किरितिमाटी द्वीप पर सबसे पहले नए साल का आगमन होता है, जो आधी रात UTC+14 पर मनाया जाता है.

**समोआ** – किरिबाती के बाद, समोआ रात 11.00 बजे (UTC+13) पर नए साल का जश्न मनाता है.

**टोंगा और टोकलाऊ** – समोआ के समान समय क्षेत्र में होने के कारण, ये दोनों देश भी रात 11.00 बजे (UTC+13) पर नए साल का स्वागत करते हैं.

**चाथम द्वीप (न्यूज़ीलैंड)** – यहां नए साल का जश्न रात 10.5 बजे (UTC+13) पर शुरू होता है.

न्यूज़ीलैंड (मेंन लैंड) – न्यूज़ीलैंड के मेंन लैंड पर नए साल का स्वागत रात 10-00 बजे (UTC+13) पर होता है.

### सबसे आखिरी में नए साल का जश्न मनाने वाले देश

अमेरिकन समोआ- यह अमेरिकी क्षेत्र सबसे अंत में नए साल का स्वागत करता है, सुबह 6.00 बजे EST (UTC-11) पर.

**बेकर और हाउलैंड द्वीप** – ये निर्जन अमेरिकी क्षेत्र तकनीकी रूप से सबसे आखिरी में नए साल का स्वागत करते हैं, लेकिन यहां कोई नहीं रहता है.

### इंटरनेशनल डेट लाइन का क्या है रोल

अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा नए साल के जश्न के समय निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. यह काल्पनिक रेखा पृथ्वी के 180वें मेरिडियन के पास स्थित है और यहां एक दिन समाप्त होता है और दूसरा दिन शुरू होता है. किरिबाती के किरितिमाटी द्वीप, जो ह्वष्टरुके पश्चिम में स्थित है, नए साल का जश्न सबसे पहले मनाने वाला स्थान है.



# शुभ कार्यों से हो 2025 का स्वागत

**वर्ष 2025 का स्वागत करने के लिए लोग तैयार हैं. आने वाला साल लोगों के लिए अच्छा साबित हो, ऐसी लोग प्रार्थना कर रहे हैं. नया साल खुशियों से भरा रहे इसके लिए इस दिन की शुरूआत शुभ कार्यों से करें. इस दिन सुबह उठकर माता पिता और बड़ों का आर्शीवाद प्राप्त करें. गुरुजनों का आदर और सम्मान करें. इस दिन लोगों की मदद करें. नव वर्ष पर सभी प्रकार की बुरी आदतों का त्याग करने का प्रण लें और मानव कल्याण के बारे में चिंतन और प्रयास करें.**

लोग नए साल पर जानना चाहते हैं कि वह क्या पहनें, क्या खाएं ,कौन से रेस्तरां में जाएं, कहां पार्टी करें, क्या गिफ्ट दें, क्या संकल्प लें, पतले कैसे हों, कौन सी पुस्तक पढ़ें, कहां की यात्रा करें, दोस्तों और रिश्तेदारों को विश करना न भूलें आदि आदि परंतु हम आपको बताएंगे कि नए साल को जिंदगी का सबसे अहम साल कैसे बनाएं और घिसे-पिटे संकल्प छोड़कर जीवन के उद्देश्य को कैसे पूरा करें क्योंकि यह लोक जश्न मनाने लायक नहीं है यहां हर रोज/साल लाखों बेगुनाह मारे जाते हैं यहां से तो भक्ति करके निकलने के बारे में विचार करना चाहिए।

### नया साल 2025

जिस प्रकार आज का दिन समाप्त होने के पश्चात नया दिन यानी कल आता है और यह महीना समाप्त होने के पश्चात अगला महीना आता है ठीक इसी प्रकार निर्धारित 12 महीनों की समाप्ति के पश्चात एक वर्ष समाप्त होता है और नया वर्ष प्रारंभ होता है। बड़ी ही दिक्कतों, परेशानियों, संघर्षों और थोड़ी सी खुशी व राग के बाद आखिर 2024 समाप्त हो ही गया परंतु यह नया साल 2025 राहत भरा होगा या चुनौतियों भरा यह तो समय पर ही पता चलेगा.

### जानिए कैसे हुई नए साल मनाने की शुरुआत 1 जनवरी से?

नए साल का उत्सव 31 दिसंबर (नए साल की पूर्व संध्या), ग्रेगोरियन कैलेंडर के अंतिम दिन से शुरू होता है और 1 जनवरी (नए साल के दिन) के शुरुआती घंटों तक जारी रहता है। लोग नए साल का जश्न पार्टियों, विशेष भोजन, संकल्प करना इत्यादि से शुरू करते हैं। मध्ययुगीन यूरोप में, ईसाई नेताओं ने अस्थायी रूप से 1 जनवरी को साल के पहले दिन से बदल दिया, जिसमें 25 दिसंबर (यीशु के जन्म की सालगिरह) और 25 मार्च (उत्सव का पर्व) जैसे धार्मिक महत्व के दिन थे। पोप ग्रेगरी ने 1 जनवरी को 1582 में नए साल के दिन के रूप में पुनः स्थापित किया। प्रारंभिक रोमन कैलेंडर में 10 महीने और 304 दिन शामिल थे, परंपरा के अनुसार, यह रोम के संस्थापक रोमुलस द्वारा बनाया गया था, आठवीं शताब्दी ईपू. बाद के राजा, नुमा पोमपिलियस को जनूअरियस और फियोरूरी के महीनों को जोड़ने का श्रेय दिया जाता है। 46 ईपू. सम्राट जूलियस सीजर ने अपने समय के सबसे प्रमुख खगोलविदों और गणितज्ञों के साथ परामर्श करके समस्या को हल करने का निर्णय लिया। उन्होंने जूलियन कैलेंडर पेश किया, जो कि अधिक आधुनिक ग्रेगोरियन कैलेंडर जैसा दिखता है जो आज दुनिया भर के अधिकांश देश उपयोग करते हैं। सीजर ने 1 जनवरी को वर्ष के पहले दिन के रूप में स्थापित किया। जूलियस सीजर प्राचीन रोम में एक प्रसिद्ध जनरल, राजनेता और विद्वान थे। नया साल वर्ष का सबसे पहला दिन होता है जिस दिन एक नया कैलेंडर वर्ष शुरू होता है।

### नव वर्ष पर करें नई शुरूआत

नया साल आपको खुद को जानने, पहचानने और नए तरीके से जीवन को जीने का एक नया मौका देता है। इस दफा ऐसा संकल्प लीजिए कि जीवन सफल हो जाए और आपका यह साल आपके लिए हमेशा के लिए यादगार बन जाए। यह संसार अंगारों से भरा हुआ है जहां विकार, काम वासना,लोभ, आलस, बीमारी , धन की कमी व्यक्ति को सदा विचलित रखते हैं। ऐसे में केवल एक ही शक्ति है जो आपको हर विकार, दुख, तकलीफ, आपदा से बचा सकती है । वह है ईश्वर की पहचान होना और उस एक ईश्वर पर आपकी पक्की आस्था होना।

### नववर्ष पर जानें मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य

पवित्र गीता जी के अनुसार मनुष्य जीवन को मोक्ष का द्वार कहा गया है व मनुष्य जीवन पाने वाला व्यक्ति तत्वदर्शी संत से पूर्ण परमात्मा की जानकारी प्राप्त करके व उसकी भक्ति करके उसको पा सकता है यानि पूर्ण परमात्मा के लोक में जा सकता है जहां सर्व सुख हैं यानी उस सुखमय स्थान पर जा सकता है जहां कभी किसी की मृत्यु नहीं होती और न ही कोई वृद्ध होता , न वहां पर कोई राग द्वेष है और ना ही किसी भी प्रकार का कोई विकार, ना ही वहां पर किसी चीज की कोई कमी है । उस सुखमय स्थान को सतलोक कहा गया है जो शाश्वत स्थान है। इस स्थान को प्राप्त करना ही पूर्ण मोक्ष कहलाता है। इसलिये मनुष्य जीवन प्राप्त सभी पुण्यात्माओं को जन्म मरण का दीर्घ रोग समाप्त करवाने के लिए सतभक्ति करनी आवश्यक है।

### विश्व के समक्ष चुनौतियां व उनका समाधान

आज संपूर्ण विश्व अनेक प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है। चारों ओर नशे का फैलाव हो गया है और कुरीतियां अपनी चरम सीमा पर है लोगों का आपसी प्रेम समाप्त होता जा रहा है और धन को एकत्रित करने की दौड़ में हर इंसान लगा हुआ है। चारों तरफ रोगों का पहरा है कोई भी इंसान आज सुखी नजर नहीं आता। इस दौड़ धूप में जीव अपने अस्तित्व को भूलता जा रहा है और अपने जीवन को केवल बर्बाद कर रहा है। विश्व के समक्ष मौजूद इन सभी चुनौतियों और विकारों को तत्वज्ञान के आधार से दूर किया जा सकता है। तत्वज्ञान का अर्थ उस सच्चे और विशेष ज्ञान से होता है जो जीवन का आध्यात्मिक आधार है और सभी पवित्र सदग्रंथों में विद्यमान है। ऐसे तत्वज्ञान को तत्वदर्शी संत बताते हैं जो स्वंय पूर्ण परमात्मा ही होते हैं। तत्वज्ञान के आधार से जीवन व्यतीत करने वाला व्यक्ति ही वास्तविक रुप में जीवन के उद्देश्य से परिचित होता है और पूर्ण मोक्ष प्राप्ति के लिये पूर्ण परमात्मा की भक्ति करता है। केवल पूर्ण परमात्मा ही संपूर्ण विश्व के विकारों, चुनौतियों व समस्याओं को दूर कर सकता है । इसलिये मनुष्य को तत्वदर्शी संत की खोज करके उसके ज्ञान को समझ कर पूर्ण परमात्मा की भक्ति करनी चाहिए जो सर्व सुख दायक है।

### दुनिया में क्यों आए हैं ये समझना जरूरी है

इस भंगुर संसार में जहां आप जानवरों जैसी उछल कूद करने को नाचना गाना, नशा करने को आजादी, आधे अधूरे कपड़े पहनने को आधुनिकता और जानवर का मांस खाने को कुछ भी खाने का हक और यात्रा करने को एंजायमेंट समझते हो आपकी यह इच्छाएं आपको कहीं का नहीं छोड़ेगी। नए साल के आगमन पर ऐसी ऊल-जलूल हरकतें करने और अनगिनत इच्छाएं पालने से अच्छा है कि एंकात में बैठकर यह सोचिए कि ऐसा काम क्यों करना जिसको करने से न तो शरीर को कोई लाभ मिलेगा और न ही आत्मा को मुक्ति।




पार्टी,जश्न ,उत्सव,गेट टूगेदर, लंच डिनर और देसी-विदेशी यात्रा को ही नए साल को मनाने की परिभाषा मान चुके लोगों को हम यह बताना चाहेंगे कि जिन्दगी का मकसद इसी शरीर में रहते हुए पहचान जानिए क्योंकि आपका फायदा आपको खुद सोचना है।



## कब्रों को सजाने से लेकर जमीन पर आइसक्रीम गिराने तक, ये है दुनिया में नए साल की अजीब परंपराएं

नया साल हर देश में बड़े ही खास अंदाज में मनाया जाता है, लेकिन कुछ जगहों पर इसे सेलिब्रेट करने का तरीका इतना ज्यादा अनोखा है, जिसे सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे। चल जानते हैं किस-किस देश में अनोखे अंदाज में मनाया जाता है न्यू ईयर। दो दिन के बाद देशभर में नया साल 2025 मनाया जाएगा। नए साल को लेकर लोगों की नई-नई उम्मीदें रहती हैं। हर कोई नया साल अपने-अपने तरीके से खास बनाता है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि दुनिया में कुछ जगहों पर इसे मनाने के तरीके वाकई बहुत ही अनोखे हैं। नए साल पर लोग अपनी खुशी अलग-अलग तरीकों से बयां करते हैं, कुछ देशों में नए साल का त्योहार पुरानी प्लेट-चम्मचों को फेंककर किया जाता है, तो वहीं कई जगहों पर नए साल की शुरुआत आइसक्रीम को फर्श पर गिराने से की जाती है। वहीं कई देशों में ऐसा होता है कि लोग अपने घर का पुराना सामान निकालकर फेंक देते हैं, और नए साल को नए तरीके से सेलिब्रेट करते हैं।

### उत्तर यूरोप

उत्तर यूरोप के इस देश में नए साल का जश्न बड़े ही अनोखे तरीके से मनाया जाता है। नए साल के अवसर पर यहां के लोग अपने पड़ोसियों, दोस्तों के दरवाजों के बाहर पुरानी प्लेटें और चम्मच फेंकते हैं। ऐसा माना जाता है, कि नए साल की सुबह दरवाजे पर जितने अधिक टूटे बर्तन मिलते हैं, वह व्यक्ति उतना ही भाग्यशाली माना जाता है।

### दक्षिण अमेरिका

दक्षिण अमेरिका के एक देश में नया साल बड़ी ही खास परंपराओं के साथ मनाया जाता है। यहां के लोग समुद्र में सफेद फूल, परफ्यूम, ज्वेलरी, कंघी, लिपस्टिक चढ़ाते हैं। माना जाता है कि यह समुद्र की 'देवी येमानजा' को भेंट करने की परंपरा है, ताकि वह नए साल को शुभ और मंगलमय बना सके।

### स्विट्जरलैंड

स्विट्जरलैंड में नए साल के अवसर पर लोग जानबूझकर फर्श पर आइसक्रीम गिराते हैं, इस परंपरा को लेकर ऐसा कहा जाता है, कि ऐसा करने से आने वाला साल धन-धान्य से भरपूर होता है।

### चिली

चिली के तालका में नए साल की पूर्व संध्या पर लोग अपने मृत प्रियजनों के साथ समय बिताने के लिए साथ मिलकर कब्रिस्तान जाते हैं, इस परंपरा को लेकर ऐसा माना जाता है, कि साल के अंत का जश्न बनाने के लिए मृत प्रियजन वापस आते हैं। इसलिए लोग कब्रों को सजाते हैं, आग जलते हैं, भोजन लाते हैं और साथ मिलकर वहीं रात बिताते हैं।





# दुनिया के अलग-अलग कोनों में कैसे मनाया जाता है नया साल?

आपको पता है कि कई देश अलग-अलग समय पर नववर्ष मनाते हैं क्योंकि उनका कैलेंडर अंग्रेज़ी या रोमन कैलेंडर से मेल नहीं खाता. फिर भी रोमन कैलेंडर के अनुसार नये साल के स्वागत का जश्न दुनिया भर में सबसे बड़े पैमाने पर मनाया जाता है. इसके साथ कई विश्वास और परंपराएं भी जुड़ चुकी हैं. हालांकि इस साल ष्टश्1द्बस्त्र-19 के चलते जश्न कुछ जगहों पर काफी सीमित रह सकता है, फिर भी मान्यताओं पर फर्क पड़ने की उम्मीद कम ही है. आइए आपको बताते हैं कि दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में नये साल के स्वागत से किस तरह की दिलचस्प बातें जुड़ी हुई हैं.

### प्लेटें तोड़कर स्वागत की परंपरा

अगर आपको दरवाज़े पर कई सारी थालियां टूटी हुई मिलें, तो आप कन्फ्यूज़ हो सकते हैं. लेकिन, डेनमार्क में इस बात से हैरानी नहीं होती. यहां मान्यता है कि आने वाला साल खुशकिस्मती लेकर आएगा इसलिए डेनमार्क में लोग अपने दोस्तों या रिश्तेदारों के घर जाकर उनके दरवाज़े पर प्लेटें तोड़कर फेंक देते हैं. यह शुभकामना संदेश की तरह होता है.

### आतिशबाज़ी के नज़ारे

नये साल के स्वागत में पटाखे फोड़ना शायद सबसे आम तरीका है. 31 दिसंबर और 1 जनवरी की मध्यरात्रि में कई देशों में इस तरह जश्न मनाया जाता है. इस बार संभव है कि कोरोना के कारण भीड़ न जुटने के निर्देश कई जगह हों, फिर भी पटाखों पर बैन लगने संबंधी खबरें नहीं हैं. नये साल के स्वागत में आतिशबाज़ी के नज़ारों के लिए न्यूज़ीलैंड का ऑकलैंड स्काय टावर काफी मशहूर है. इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया में सिडनी हार्बर पर भी आतिशबाज़ी दर्शनीय होती है. इनके अलावा, कनाडा के टोरंटो, ब्राज़ील के रियो में भी आसमान रंग बिरंगे पटाखों से नहाता है.

### दाल खाने का रिवाज

ब्राज़ील में नये साल के स्वागत के लिए अनोखी परंपरा है. नये साल के मौके पर यहां लोग खास तौर पर दाल पकाकर खाते हैं. दाल को धन दौलत का प्रतीक माना जाता है इसलिए यहां मान्यता है कि दाल खाई जाए तो नये साल में समृद्धि हासिल होती है.

### 12 बजते ही अंगूर खाना

स्पेन में प्रचलित परंपरा को सुनकर आप हैरान भी हो सकते हैं और यह आपको बहुत दिलचस्प भी लग सकता है. स्पेन में जैसे ही घड़ी में 12 बजते हैं तो लोग अंगूरों की तरफ टूट पड़ते हैं. मान्यता है कि घड़ी में मध्यरात्रि का समय होते ही हर बार अंगूर खाने से आने वाले 12 महीने आपके लिए भाग्य और खुशहाली लाते हैं.

### घंटियां बजाना

नये साल के स्वागत से जुड़ी परंपराओं को लेकर अगर एशियाई देशों की बात की जाए तो जापान और दक्षिण कोरिया में घंटी बजाने सबसे कॉमन बात है. जगह जगह पूर्व संध्या पर लोग घंटी बजाते हुए दिखते हैं. जापान में तो मान्यता के हिसाब से 108 बार घंटी बजाना शुभ माना जाता है इसलिए वहां शोर काफी होता है.

### भालू बनकर डांस

क्रिसमस पर बच्चों या बड़ों के सैंटा की पोशाक पहनने के बारे में आपने सुना होगा लेकिन रोमानिया में नववर्ष का स्वागत करने के लिए लोग भालू जैसी पोशाक पहनकर डांस करते हैं. इसके पीछे मान्यता है कि नये साल में बुरी आत्माओं से छुटकारा मिले. अस्ल में, पुरानी रोमनियाई कहानियों में भालू काफी स्पेशल रहे हैं और लोगों की रक्षा व इलाज करने तक के लिए मददगार माने जाते हैं.

### चीज़ें फेंक देना

अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नये साल का सबसे अहम जश्न होता है और सबकी निगाहें झंडे के लंबे खंभे से नीचे उतरती एक रंगीन चमकती गेंद पर होती है. असल में यह नये साल के लिए काउंटडाउन का प्रतीक है.

इसके बाद कई अमेरिकी शहरों में देखा जाता है कि लोग नववर्ष की पूर्व संध्या पर पारंपरिक तौर पर कुछ चीज़ें ऊंचाई से फेंकते हैं. मिसाल के तौर पर इंडियाना में लोग ऊंचाई से तरबूज़ फेंकते हैं.

### अफ्रीका में भी अनोखी मान्यता

दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में मान्यता है कि नये साल के स्वागत में घर का गैर ज़रूरी सामान बाहर कर दिया जाता है. लेकिन इसे कबाड़ी को बेचना या फिर रीसेल करने जैसा सिस्टम नहीं है बल्कि अपनी खिड़कियों से लोग खास तौर से पुराना फर्नीचर बाहर फेंकते हैं. इसके पीछे मान्यता यही है कि नये साल में नया सौभाग्य उन्हें हासिल हो.

### खाली सूटकेस के साथ घूमना

दक्षिण अमेरिका के कुछ देशों में नये साल की पूर्व संध्या के मौके पर आप लोगों को सामान्य जगहों पर सूटकेस लिये हुए घूमते देख सकते हैं. इसके पीछे लोग मानते हैं कि खाली सूटकेस लेकर वॉक करने का मतलब यह है कि आने वाला साल रोमांचों से भरा रहेगा.

## एक्सिस बैंक के एक स्टाफ ने क्रेड को 12.5 करोड़ का चूना लगा दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रेडिट कार्ड के पेमेंट का प्लेटफॉर्म क्रेड का आपने नाम सुना है? इसे साल 2018 में कुणाल शाह ने बेंगलुरु में ड्रीम प्लगपे टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से शुरू किया था। इस समय कंपनी के करीब 60 लाख यूजर्स बताए जाते हैं। देश में जितने क्रेडिट कार्ड हैं, उनमें से करीब 20 फीसदी कार्ड का बिल पेमेंट इसी प्लेटफॉर्म के जरिए होता है। इसी क्रेड के साथ पिछले दिनों ठगी हो गई। साइबर अपराधियों के एक समूह ने पिछले दिन इसके खाते से 12.5 करोड़ रुपये निकाल लिए। यह बात बीते नवंबर की है। क्रेड के अधिकारी रूटीन बैंक अकाउंट का मिलान कर रहे थे। तभी उन्हें 12.5 करोड़ रुपये का हिसाब मिलता नहीं दिखा। इसके बाद मामले की जांच की गई। तब पता चला कि 29 अक्टूबर 2024 से 11 नवंबर 2024 के बीच 17 अनऑथराइज्ड ट्रांजेक्शन किए गए थे। इन ट्रांजेक्शन से 12.5 करोड़ रुपये की रकम संदिग्ध खातों में भेजे गए थे। इसके बाद इस घटना की जानकारी एक्सिस बैंक और पुलिस को दी गई।

**पुलिस ने क्या पाया-** इस मामले की शिकायत बेंगलुरु के ईस्ट सीईएन क्राइम पुलिस स्टेशन में की गई थी। पुलिस जांच में पता चला कि इस मामले में एक्सिस बैंक की अंकलेश्वर शाखा की लिप्तता है। धोखाधड़ी की इस घटना का मास्टरमाइंड गुजरात में एक्सिस बैंक का रिलेशनशिप मैनेजर 33 वर्षीय वैभव पिटाडिया निकला। उस पर क्रेड के कॉर्पोरेट खाते की कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए अपने अंदरूनी ज्ञान का उपयोग करने का आरोप है। बेंगलुरु में एक्सिस बैंक की इंदिरानगर शाखा द्वारा प्रबंधित क्रेड के खाते में हर रोज 2 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन होता है।

**कैसे दिया धोखाधड़ी को अंजाम-** पुलिस अधिकारियों ने खुलासा किया कि आरोपियों ने ड्रीम प्लगपे टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के तहत क्रेड के नोडल खाते से जुड़े दो निष्क्रिय कॉर्पोरेट खातों की पहचान की। इसे सक्रिय कराने के लिए बोर्ड के प्रस्तावों सहित जाली दस्तावेजों का उपयोग करते हुए, नेहा बेन को एमडी के रूप में पेश किया। एक्सिस बैंक ने इन खातों में बदलाव का अनुरोध किया गया। उसने गुजरात में एक्सिस बैंक की अंकलेश्वर शाखा में फर्जी कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग फॉर्म और सहायक दस्तावेज जमा किए, जिससे अद्यतन संपर्क विवरण के साथ एक नया यूजर अकाउंट बनाने में मदद मिली।

## वित्त मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ की पांचवीं बजट पूर्व बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को नई दिल्ली में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ पांचवीं बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के हिस्से के रूप में आयोजित की गई। इस बैठक में वित्त मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए। इन सुझावों से सुनिश्चित किया जाएगा कि आगामी बजट प्रमुख आर्थिक प्राथमिकताओं और क्षेत्रीय चुनौतियों को संबोधित करे। वित्त मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ पांचवें बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। मंत्रालय के अनुसार, वित्त सचिव, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग और उद्योग व आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिवों सहित वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मौजूद थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने बैठक के दौरान अर्थव्यवस्था पर अपने विचार रखे।बजट पूर्व परामर्श बैठक बजट को आकार देने से जुड़ा आवश्यक कदम है।

# गौतम अडानी ने साल जाते-जाते बना दिया कमाई का रिकॉर्ड, रईसी में मुकेश अंबानी के करीब पहुंचे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट रही। इस कारण दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 17 की नेटवर्थ में गिरावट देखने को मिली। केवल गौतम अडानी, अमेरिका के लैरी एलिसन और एनवीडिया के फाउंडर जेंसन हुआंग की नेटवर्थ में तेजी रही। शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद अडानी ग्रुप के अधिकांश शेयरों में सोमवार को तेजी रही। इससे अडानी की नेटवर्थ में 3.48 अरब डॉलर की तेजी आई। वह 80.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर पहुंच गए। अडानी सोमवार को दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शख्स रहे। वैसे इस साल उनकी नेटवर्थ में 4.23 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

अडानी टोटल गैस में सोमवार को 11.20 फीसदी तेजी रही जबकि ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर 7.65 प्रतिशत तेजी के साथ बंद हुआ। अडानी पावर में 6.46 प्रतिशत, अडानी ग्रीन एनर्जी में 2.31 परसेंट और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में 2.46 परसेंट की तेजी रही। इसके साथ ही अडानी भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के करीब पहुंच गए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन अंबानी की नेटवर्थ में 64.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। वह 90.6 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 5.73 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

**कौन-कौन हैं टॉप 10 में-** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में सोमवार को 9.83 अरब डॉलर की गिरावट आई और अब यह 442 अरब डॉलर रह गई है। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 241 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर हैं। फेसबुक के फाउंडर मार्क जकरबर्ग 209 अरब डॉलर के साथ तीसरे, लैरी एलिसन (193 अरब डॉलर) चौथे, बर्नार्ड आरनॉल्ट (176 अरब डॉलर) पांचवें, लैरी पेज (170 अरब डॉलर) छठे, सर्गेई ब्रिन (160 अरब डॉलर) सातवें, बिल गेट्स (160 अरब डॉलर) आठवें, स्टीव बालमर (148 अरब डॉलर) नौवें और वॉरेन बफे (142 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं।

## अडानी विल्मर से 25 साल बाद अलग होगा अडानी ग्रुप

### बाजार खुलते ही कंपनी के शेयरों में 7 प्रतिशत से अधिक गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एफएमसीजी कंपनी अडानी विल्मर का शेयर आज बाजार खुलते ही 7 प्रतिशत से अधिक गिर गया। अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने 2 अरब डॉलर की डील के जरिए विल्मर इंटरनेशनल के साथ अपने 25 साल पुराने जॉइंट वेंचर से बाहर निकलने की घोषणा की है। इससे आज कंपनी का शेयर बाजार खुलते ही धड़ाम हो गया। बीएसई पर यह 7.5 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ 303.70 रुपये पर आ गया। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 408.70 रुपये और न्यूनतम स्तर 279.20 रुपये है। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयरों में भी करीब दो फीसदी गिरावट आई है। अडानी ग्रुप इस डील से मिलने वाली रकम से एनर्जी, यूटिलिटीज, ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स सहित अपने कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर बिजनस को मजबूत करना चाहता है। सिंगापुर की कंपनी विल्मर इस वेंचर में अडानी की जगह लेने के लिए रणनीतिक निवेशकों की तलाश कर रहा है। अडानी ग्रुप इस कंपनी में में अपनी लगभग 44 प्रतिशत हिस्सेदारी दो हिस्सों में बेचने की योजना बना रहा है। वह पहले पब्लिक शेयरहोल्डिंग के नियमों को पूरा करने के लिए लगभग 13 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा। प्रमोटरों के पास अभी कंपनी में 88 प्रतिशत हिस्सेदारी है। विल्मर ग्रुप बाकी 31 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा। इससे कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 44 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 75 प्रतिशत हो जाएगी।

**शेयरों का भाव-** एक्सचेंज नोटिफिकेशन के अनुसार अडानी ग्रुप अपनी 31 प्रतिशत हिस्सेदारी विल्मर को 305 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर बेचेगी। सूत्रों के मुताबिक अडानी एंटरप्राइजेज लगभग उसी कीमत पर बाजार में 13 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। पिछले सत्र में अडानी विल्मर का शेयर 0.17 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 329.50 रुपये पर बंद हुआ था जबकि अडानी एंटरप्राइजेज के शेयरों में 7.65 प्रतिशत तेजी आई थी। सुबह 10 बजे अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर 2.11 प्रतिशत के साथ 2538.60 रुपये पर ट्रेड कर रहा था जबकि अडानी विल्मर 7.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 304.70 रुपये पर था।

## 2024 के टॉप-4 स्टॉक्स, निवेशक हो गए मालामाल, 2025 में भी करेंगे कमाल?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आपके पास 2024 में ये 5 शेयर होते तो आप भी मालामाल हो गए होते। इन शेयरों ने साल 2024 में बंपर रिटर्न दे दिया है। इनमें सबसे पहला नाम है लक्ष्य ज्ञञ्छ इंडिया का। इस शेयर ने पिछले एक साल में 307 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। एक साल में इसने अपने हर निवेशक को प्रति शेयर 1538 रुपये का मुनाफा कमवाया है। दूसरा नाम केएफआइएन टेक्नॉलजीज का है, जिसने एक साल में 215 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न



दिया है। इसी क्रम में मोतीलाल ओसवाल ने 203, ओरेकल ने 199 और अनंत राज ने 191 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। आइए इन शेयरों की डिटेल एनॉलिसिस पर नजर डालें..

**जीई टी एंड डी इंडिया-** यह स्टॉक आज दोपहर एक बजे के करीब 2 पर्सेंट से अधिक नुकसान के साथ 2051.50 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। करीब 52731 करोड़ के मार्केट कैप वाले इस स्टॉक का पीई रेशियो 132.42 है। इसने पिछले एक साल में 307 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। तीन साल में इसने 1435 और 5 साल में 1293 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है।

इस स्टॉक को लेकर एक्सपर्ट्स भी बुलिश हैं। कुल 5 एनालिस्ट्स में से 2 ने स्ट्रांग बाय और 3 ने बाय रेटिंग दी है। किसी ने भी होल्ड या बेचने की सिफारिश नहीं की है।

**केएफआइएन टेक्नॉलजीज-** कफिन के शेयरों में भी आज गिरावट है। आज करीब 3 फीसद टूटकर यह 1534 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहा था। इसका पीई रेशियो 87.47 है। 26174 करोड़ रुपये है। पिछले 3 साल में इसने 218 पर्सेंट से अधिक रिटर्न दिया है।

### क्या करें

इस स्टॉक को लेकर कुल 12 में से दो विश्लेषकों ने स्ट्रांग सेल की सिफारिश की है। 3 एनालिस्ट ने स्ट्रांग बाय और 5 ने रेटिंग दी है। दो अन्य ने होल्ड की सिफारिश की है।

### मोतीलाल ओसवाल

साल में अच्छा रिटर्न देने वाले शेयरों में से एक मोतीलाल ओसवाल आज 1.39 पर्सेंट नीचे 952.15 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। 16.66 पीई रेशियो वाले इस स्टॉक ने पिछले एक साल में 200 से अधिक और 3 साल में 300 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है और पिछले 5 साल में करीब 400 पर्सेंट का बंपर रिटर्न देकर अपने निवेशकों को मालामाल कर दिया है।

### क्या करें

कुल चार एनॉलिस्ट में से दो ने स्ट्रांग बाय की सलाह दी है। एक विश्लेषक ने होल्ड और एक ने बाय की सिफारिश की है।

### ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर

ओरेकल भी आज करीब दो फीसद नीचे है। आज 12695 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। इसने भी पिछले इस साल दो सौ फीसद से अधिक रिटर्न दिया है। पिछले 3 साल में इसने 220 और पांच साल में 362 पर्सेंट चढ़ा है। 109710 करोड़ रुपये के मार्केट कैप वाले इस स्टॉक का 52 हफ्ते का हाई 13220 और लो 4280 रुपये है।

## देश में व्हाइट, ब्लू और ब्लैक कारों की मांग ज्यादा

### इसमें ब्लैक और ब्लू कारों की संख्या लगातार बढ़ रही है

### एक सर्वे में बताया है कि किस कलर की कार ज्यादा बिकी हैं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोग कार खरीदते समय कार कंपनी और मॉडल के अलावा रंग को भी महत्व देते हैं। एक सर्वे के मुताबिक कुछ खास कलर की कार सबसे ज्यादा बिक रही हैं। कुछ वर्षों का डेटा बताता है कि ब्लैक और ब्लू कलर की कारों की बिक्री ज्यादा हुई है। वहीं व्हाइट कलर की कारों की बिक्री ने निराश किया है।

बिजनेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित जेएटीओ डायनेमिक्स के डेटा के मुताबिक साल 2021 से साल 2024 के बीच ब्लैक कलर की कारों की बिक्री सबसे ज्यादा हुई है। इस दौरान यह बिक्री 14.8 फीसदी से बढ़कर 20.2 फीसदी हो गई। वहीं दूसरे नंबर पर ब्लू कलर की कार रही। साल 2021 से साल 2024 के बीच इस कलर की कारों की बिक्री 8.8 फीसदी से बढ़कर 10.9 फीसदी हो गई।

**व्हाइट कलर की कारों की क्या स्थिति?-** साल 2021 से 2024 के बीच सबसे ज्यादा सफेद यानी व्हाइट कलर की कारें बिकी हैं, लेकिन इस दौरान इनकी बिक्री में कमी आई है। साल 2024 में 39.3 फीसदी सफेद कारें बिकी। हालांकि साल 2021 में सफेद रंग की कारों की बिक्री 43.9 फीसदी थी। ऐसे में देखा जाए तो सफेद कलर की कारों की बिक्री में गिरावट आई है। केमिकल कंपनी बीएएसएफ के मुताबिक सफेद रंग की कारों की हिस्सेदारी साल 2023 में साल 2022 की तुलना में 36 फीसदी कम हो गई है।

**ब्लैक कलर की मांग बढ़ी-** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के सीओओ तरुण गर्ग के मुताबिक ब्लैक कलर की कारों की मांग काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि ब्लैक कलर की कारों की घरेलू बिक्री में साल 2021 से 9 फीसदी थी। वहीं साल 2024 के बढ़कर यह 19 फीसदी हो गई। हालांकि व्हाइट कलर अभी भी नंबर वन है। कुल कारों में व्हाइट कलर की 54 फीसदी कारें बिकी हैं।

टाटा मोटर्स में ग्लोबल डिजाइन स्ट्रेटेजी हेड अजय जैन बताते हैं कि सफेद रंग की कारों की बिक्री में पिछले कुछ समय में कमी आई है। हालांकि इसके बावजूद इस रंग की कार अभी भी टॉप पॉजिशन पर हैं।

**क्यों बढ़ रही दूसरे रंग की मांग?-** सफेद को छोड़ दूसरे रंग की कारों में बिक्री कई कारणों से बढ़ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण यंग जनरेशन है। ब्लू और ब्लैक कलर की कारों को प्रीमियम और लाइफस्टाइल सेगमेंट में माना जाता है। वहीं ब्लैक कलर की कार को फैशन के रूप में भी देखा जा रहा है।

## आरबीआई की रिपोर्ट: बैंकों का सकल एनपीए घटकर 12 साल के निचले स्तर पर पहुंचा, क्रेडिट कार्ड बकाया 55 प्रतिशत तक बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्ज चूक में कमी से बैंकों का सकल एनपीए (बुरा फंसा कर्ज) अनुपात इस वर्ष सितंबर में एक साल पहले की तुलना में घटकर 12 साल के निचले स्तर 2.6 फीसदी पर आ गया है। इसके बावजूद, कृषि क्षेत्र में बुरा फंसा कर्ज सबसे ज्यादा 6.2 फीसदी पर बना हुआ है। पर्सनल लोन श्रेणी में क्रेडिट कार्ड बकाया में 55.3 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है।

**आरबीआई की रिपोर्ट-** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, कृषि के बाद सितंबर में उद्योग में सकल एनपीए 2.9 फीसदी, सेवा में 2.5 व पर्सनल लोन क्षेत्र में 1.2 फीसदी रहा। हालांकि, एक साल पहले की तुलना में इन सभी क्षेत्रों के सकल एनपीए में गिरावट आई है। रिपोर्ट बताती है कि सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) में क्रेडिट कार्ड बकाया सितंबर में 21.9 फीसदी रहा। सरकारी बैंकों में यह सबसे ज्यादा 55.3 फीसदी, निजी बैंकों में 21.3 फीसदी और विदेशी बैंकों में 23.1 फीसदी रहा। आवासीय कर्ज में 14.8, ऑटो लोन में 15.9 और शिक्षा कर्ज में 42.6 फीसदी तक वृद्धि रही।

# साल 2025 में सोना - चांदी अच्छा रिटर्न दे सकती है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** साल 2024 सोना और चांदी दोनों के लिए काफी अच्छा रहा। दोनों ने निवेशकों को कम से कम 18 फीसदी रिटर्न दिया। हालांकि कुल रिटर्न के मामले में सोने ने चांदी को पीछे छोड़ दिया। ऐसे में निवेशकों के मन में यह बात होगी कि क्या साल 2025 में भी सोना और चांदी ऐसा ही रिटर्न देंगे? अगर आप साल 2025 में सोने और चांदी में निवेश की प्लानिंग कर रहे हैं तो जान लें कि किसमें तेजी आने के संकेत हैं।

**सोने ने कितना दिया रिटर्न?-** साल 2024 में सोने की कीमत में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला। इस साल जुलाई में बजट में सोने से कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई। इससे सोने की कीमत एक ही दिन में धड़ाम हो गई थी। हालांकि कुछ समय बाद कीमत रिकवर हो गई, लेकिन दिवाली के बाद भी इसमें काफी कमी आई।

साल 2024 में एक जनवरी को एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोने की कीमत 63288 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं कल यानी 30 दिसंबर को यह 76260 रुपये पर बंद हुई। ऐसे में सोने से इस साल निवेशकों को 20 फीसदी से कुछ ज्यादा रिटर्न दिया।

बात अगर साल 2023 की करें तो उस साल सोने में करीब 16 फीसदी की तेजी आई थी। ऐसे में देखा जाए तो साल 2024 में सोने ने साल 2023 के मुकाबले अच्छा रिटर्न दिया है।

**कितनी आई चांदी में तेजी?-** साल 2024 में रिटर्न के मामले में चांदी ने भी निवेशकों को निराश नहीं किया है। जुलाई में बजट से पहले इसने रिटर्न के मामले में सोने को भी पीछे छोड़ दिया था। एक जनवरी 2024 को एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 74319 रुपये प्रति किलो थी। वहीं 30 दिसंबर को यह बढ़कर 87531 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। ऐसे में इसने एक साल में निवेशकों को 18 फीसदी रिटर्न दिया।

साल 2023 में भी चांदी का रिटर्न ठीक-ठाक था। उस साल चांदी ने निवेशकों को 12 फीसदी रिटर्न दिया था। यानी चांदी ने निवेशकों को साल 2024 में साल 2023 के मुकाबले ज्यादा रिटर्न दिया।

### साल 2025 में किसमें मिलेगा अच्छा रिटर्न?

जानकारों के मुताबिक साल 2025 भी निवेश के मामले में सोने और चांदी के लिए अच्छा गुजर सकता है। माना जा रहा है कि साल 2025 में सोने की कीमत 85 हजार रुपये पार कर सकती है। वहीं अगर दुनिया के कुछ देशों में तनाव रहता है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता रहती है तो इसकी कीमत 90 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है।

वहीं चांदी की बात करें तो इंडस्ट्री में इसका इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। जिस तरह से सोलर एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा दिया जा रहा है, इससे चांदी की मांग और बढ़ेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि इस इंडस्ट्री में चांदी का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में जानकारों का मानना है कि साल 2025 में चांदी की कीमत एक लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकती है।

### क्या है आज सोने और चांदी का भाव?

मंगलवार को जहां सोने की कीमत में तेजी आई तो सिल्वर में गिरावट देखी गई। एमसीएक्स पर मंगलवार सुबह 11:30 बजे सोने की कीमत 35 रुपये की तेजी के साथ 76295 रुपये प्रति ग्राम थी। वहीं चांदी 265 रुपये की गिरावट के साथ 87266 रुपये पर थी।

## सस्ता स्मार्टफोन सबसे ज्यादा खरीद रहे भारतीय, कुल बिक्री में 5जी का हिस्सा बढ़कर 81 फीसदी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्मार्टफोन बाजार का बिक्री के लिहाज से 2024 की जुलाई-सितंबर अवधि (तीसरी तिमाही) में रिकॉर्ड प्रदर्शन रहा है। इस दौरान सालाना आधार पर संख्या के लिहाज से तीन फीसदी और मूल्य के आधार पर 12 फीसदी अधिक स्मार्टफोन बिके। काउंटरपॉइंट रिसर्च की स्मार्टफोन ट्रैकर रिपोर्ट के मुताबिक, कुल बिक्री में 5जी मोबाइल फोन की हिस्सेदारी 81 फीसदी रही। इनमें भी 93 फीसदी 5जी स्मार्टफोन की कीमत 10,001-15,000 रुपये थी। यह बताता है कि बजट अनुकूल 5जी स्मार्टफोन भारतीयों की पसंद बना हुआ है।

**चीनी ब्रांड पर मेक इन इंडिया का असर नहीं-** भारत में चीनी, घरेलू और अन्य वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड की बाजार हिस्सेदारी पांच वर्षों में एक जैसी रही है। मेक इन इंडिया के तहत स्थानीय स्तर पर स्मार्टफोन बनाने के सरकार के प्रयासों के बावजूद भारतीय बाजार में चीनी कंपनियों का दबदबा बना है।

**स्मार्टफोन चिपसेट में मीडियाटेक सबसे आगे-** रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवानी कंपनी मीडियाटेक 54 फीसदी हिस्सेदारी के साथ भारतीय स्मार्टफोन चिपसेट बाजार में दबदबा कायम रखा है। प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में 35 फीसदी हिस्सेदारी के साथ एपल सबसे आगे और क्वालकॉम 28 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर है। यह इन कंपनियों द्वारा किफायतीपन और तकनीकी प्रगति के कारण विकास को दर्शाता है।

**चिपसेट उद्योग में भारत के पास बेहतरीन मौका-** अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण चीन चुनौतियों का सामना कर रहा है। अमेरिका सुरक्षा चिंताओं और डाटा गोपनीयता के कारण चीनी चिपसेट निर्माताओं को काली सूची में डालने की तैयारी कर रहा है।

# जसप्रीत बुमराह को मिलेगा क्रिकेट का सबसे बड़ा अवॉर्ड!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में अपनी घातक गेंदबाजी से कहर बरपा रहे टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने साल का अंत भी शानदार अंदाज में किया है. मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी में बुमराह ने 5 विकेट झटक लिए. सिर्फ ये टेस्ट ही नहीं, बल्कि इस पूरे साल बुमराह ने हर मोर्चे पर अपनी तूफानी गेंदों से बल्लेबाजों को मुश्किल में डाला है. इस शानदार प्रदर्शन का ही नतीजा है कि बुमराह को आईसीसी ने सबसे बड़े अवॉर्ड के लिए नामित किया है. स्टार पेसर को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया है, जो साल के बेस्ट क्रिकेटर को दी जाती है. इसके साथ ही उन्होंने एक खास उपलब्धि भी हासिल कर ली है.

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से बुमराह ने जमकर कहर बरपाया है. पर्थ, एडिलेड और ब्रिसबेन के बाद मेलबर्न में भी उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की

### स्टार पेसर को पहली बार मिला ये मौका



नाक में दम किया. हालांकि उनका ये प्रदर्शन भी टीम इंडिया को हार से नहीं बचा सका लेकिन स्टार गेंदबाज ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से पूरी दुनिया को प्रभावित किया है. इधर टीम इंडिया को हार मिली, उधर आईसीसी ने बुमराह को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के दावेदारों में शामिल किया है. इसके अलावा बुमराह को टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए भी शॉर्ट लिस्ट किया गया है.

### इस साल ऐसा रहा बुमराह का प्रदर्शन

बुमराह ने इस साल सिर्फ टेस्ट और टी20 फॉर्मेट के मुकाबलों में हिस्सा लिया और उनमें अपनी गेंदबाजी से टीम इंडिया को कई यादगार जीत दिलाई. टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सबसे ज्यादा 15 विकेट लेकर उन्होंने टीम इंडियो को चैंपियन बनाया था. उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया था. वहीं टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी गेंदों का बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था. बुमराह ने साल का अंत सिर्फ 13 टेस्ट में 71 विकेट के साथ किया, जो इस साल सभी गेंदबाजों में सबसे ज्यादा है. उनका औसत भी 14.92 का रहा, जो इस खेल के इतिहास में सबसे शानदार रहा है.

ऐसे में बुमराह इस अवॉर्ड को जीतने के सबसे बड़े दावेदार हैं. वो इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं. हालांकि उनकी टक्कर जिन खिलाड़ियों से है, वो भी कम नहीं हैं. इसमें इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट भी हैं, जिन्होंने इस साल 17 टेस्ट में 55 की औसत से सबसे ज्यादा 1556 रन बनाए. वहीं ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी रेस में हैं. बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 9 टेस्ट में 40 की औसत से 608 रन और 15 टी20 इंटरनेशनल में 178 की स्ट्राइक रेट से 539 रन कूटे. इनके अलावा इंग्लैंड के ही युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक भी दावेदार हैं, जिन्होंने इस साल 12 टेस्ट में 55 की औसत से 1100 रन बनाए.

# मिशेल मार्श के चोटिल होने की कोई चिंता नहीं है: मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भारत के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में सीमित ओवरों के बावजूद ऑलराउंडर मिशेल मार्श के फिटनेस संबंधी किसी भी चिंता को खारिज कर दिया।मैकडोनाल्ड ने मार्श के सीमित समय तक गेंद के साथ खेलने को फिटनेस मुद्दे के बजाय मैच की स्थिति से जोड़ते हुए कहा, नहीं, कोई चिंता की बात नहीं है। मैकडोनाल्ड ने एमसीजी में यादगार जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि लोगों ने शायद इस बारे में बहुत अधिक पढ़ा (चोट के बारे में) है। हमने उन्हें उतनी बार गेंद के साथ खेलने की आवश्यकता नहीं बताई जितनी हमने सोची थी। उन्होंने आज फिर से गेंदबाजी की। उनकी गति 120 (किमी प्रति घंटे) के आसपास है। चोट की कोई चिंता नहीं है। मुझे लगता है कि इस कोण से इस तरह की बात करना थोड़ा अनुचित है। हमें किसी कारण से कुछ समय के लिए उसकी आवश्यकता नहीं पड़ी। मुझे लगता है कि हमने श्रृंखला में जितने ओवर गेंदबाजी की है, वह शायद हमारे लिए फायदेमंद होगा। फ्रंट-लाइन पेसर मिशेल स्टार्क की फिटनेस के कारण सिडनी टेस्ट के लिए उस स्थान को भरने के लिए तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन और सीन एबॉट ऑस्ट्रेलिया की टीम में हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और मैकडॉनल्ड को श्रृंखला के अंतिम मैच के लिए स्टार्क की उपलब्धता पर भरोसा है। मैकडॉनल्ड ने कहा, पूरी श्रृंखला में यह अपेक्षाकृत हल्का



रहा है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि दोनों आक्रमण (अंतिम टेस्ट में) दबाव बनाने में सक्षम होने के लिए अच्छी स्थिति में होंगे। तो क्या इसका मतलब है कि आपको पांचवें गेंदबाज की आवश्यकता है? मुझे लगता है कि आपको अभी भी पांचवें गेंदबाज की आवश्यकता है। लेकिन क्या आप पांचवें गेंदबाज पर बहुत अधिक मांग करने जा रहे हैं, संभवतः नहीं।

इस सीरीज में उनके सीमित योगदान के कारण मार्श की बल्लेबाजी में संघर्ष और भी बढ़ गया है। पिछले सीजन में ऑस्ट्रेलिया के सबसे बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाज रहे एलन बॉर्डर मेडलिस्ट ने पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ 6 में से चार जीत में अर्धशतक जड़े थे। लेकिन वे 10.42 की औसत से सिर्फ 73 रन ही बना पाए हैं। खास बात यह है कि इनमें से 47 रन पर्थ में दूसरी पारी में आए, जब मैच पहले ही हाथ से निकल चुका था। इसकी तुलना में चौथे टेस्ट के लिए बाहर किए गए नाथन मैकस्वीनी ने 14.40 की औसत से 72 रन बनाए। एक कठिन सीरीज और आत्म-संदेह के इतिहास के बावजूद कोच मैकडोनाल्ड ने मार्श की मौजूदा मानसिकता पर भरोसा जताया।

उन्होंने कहा, क्या वे बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे? इसमें कोई संदेह नहीं है। चार टेस्ट मैचों में वे उस स्तर पर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जैसा वे और हम चाहते थे। लेकिन हां, वे आगे बढ़ रहे हैं। हमने अभी-अभी एक टेस्ट मैच जीता है। वह काफी अच्छे मूड में है। ऑस्ट्रेलिया ने रिचर्डसन को नए साल की पूर्व संध्या पर एडिलेड में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए बीबीएल मैच खेलने के लिए रिलीज किया। वह बुधवार को टीम में शामिल होंगे और चोटों के इतिहास के बावजूद कोच मैकडोनाल्ड ने आवश्यकता पड़ने पर खेलने के लिए उनकी तत्परता पर भरोसा जताया।

कोच ने कहा, बहुत आश्वस्त। वह किसी कारण से यहां है। इसलिए अगर हमें भरोसा नहीं होता, तो वह यहां नहीं होता। उसने हमारे साथ नेट्स में एक बहुत ही कठिन सप्ताह बिताया है। सभी संकेत हैं कि अगर उसे बुलाया जाता है तो वह 40 से अधिक ओवर गेंदबाजी करने में सक्षम होगा। सीन एबॉट भी वहां है। हमें लगता है कि (एससीजी) उसका घरेलू मैदान है, इसलिए अगर उसे बुलाया जाता है तो वह भी उपयोगी साबित होगा। यह हमारे फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों का आकलन करने और फिर वहां से निर्णय लेने के बारे में होगा।



## रोहित शर्मा ने लिया रिटायरमेंट का फैसला!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद रिटायरमेंट लेने वाले हैं. एक मीडिया रिपोर्ट अनुसार रोहित मौजूदा सीरीज के बाद अपने करियर को लेकर बहुत बड़ा फैसला लेने वाले हैं. बता दे कि उनकी कप्तानी में भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को जीतने में नाकाम रहा है, एक ऐसी सीरीज जिसे टीम इंडिया पिछली चार बार से जीतती आ रही है. वहीं उनका व्यक्तिगत प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज की 5 पारियों में केवल 31 रन बनाए हैं.

रिपोर्ट अनुसार बीसीसीआई के उच्च अधिकारी और चयनकर्ताओं ने पहले ही रोहित से बात कर ली है और ऐसा लगता है जैसे हिटमैन अपना फैसला नहीं बदलेंगे.

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम की सबसे बड़ी इंटरनेशनल जीत, मालदीव को 14-0 से रौंदा



**बैंगलुरू, एजेंसी।** मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लिंडा कोम सेर्टो ने अपने पदार्पण मुकाबले में चार गोल किए जबकि प्यारी शाशा ने महज आठ मिनट के अंतराल में हैट्रिक बनाई जिससे भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने सोमवार को यहां अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव को 14-0 से हरा दिया।इसके साथ ही भारत के स्वीडन के नवनियुक्त कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने अपने कार्यकाल की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में शाशा ने मेजबान टीम के लिए सातवें, आठवें और 15वें मिनट में गोल दागे और इस बीच 12वें मिनट में लिंडा के गोल में मदद की। पूरी तरह से एकतरफा रहे मैच में लिंडा ने 12वें, 21वें, 29वें और 52वें मिनट में गोल किए।मैच में कुछ समय के लिए व्यवधान आया जब एक लाइनमैन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया और वह मैदान पर भाग रहा था जिससे खेल रोकना पड़ा। यह घटना मध्यांतर से पहले अंतिम मिनट में हुई और मैच 15 मिनट बाद फिर से शुरू हुआ। भारत मध्यांतर तक 8-0 से आगे था। भारत के लिए नेहा ने भी 16वें और 45वें मिनट में दो गोल करके अपने पदार्पण का जश्न मनाया जबकि काजोल डिसूजा ने भी 59वें और 66वें मिनट में दो गोल किए। अन्य गोल करने वाली खिलाड़ी संगीता बसफोर (51वें मिनट), सोरोखैबम रंजना चानू (54वें मिनट) और रिम्पा हलदर (62वें मिनट) रहीं।मालदीव के खिलाफ दूसरा और अंतिम मैत्री मैच दो जनवरी को यहीं खेला जाएगा। अलेक्जेंडरसन ने आठ खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका दिया जिनमें से तीन ने आक्रमण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया करते हुए आठ गोल किए। यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में भारतीय महिला टीम की सबसे बड़ी जीत में से एक है। टीम ने 2010 में बांग्लादेश में सैफ चैंपियनशिप में भूटान को 18-0 से हराया था।

## आईपीएल नीलामी में नहीं बिके ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज का में धमाकेदार प्रदर्शन



**नइदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी डेविड वॉर्नर को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के ऑक्शन में में किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा। बिग बैश लीग 14 में उनकी तूफानी बल्लेबाजी देखने को मिली है। उन्होंने 11 साल बाद लीग में अर्धशतक जड़ा और सोमवार (30 दिसंबर) को सिडनी थंडर को मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ आठ रन से जीत दिलाई। वॉर्नर ने टूर्नामेंट की शुरुआत अच्छी नहीं की थी। वॉर्नर ने 57 गेंदों पर नाबाद 86 रनों की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। थंडर ने 4 विकेट पर 156 रन बनाए। इसके बाद वेस अगर ने 32 रन देकर 4 विकेट लिए और रेनेगेड्स 8 विकेट पर 148 रन ही बना पाई। इससे थंडर ने एंजी स्टेडियम के अपने घरेलू मैदान पर 734 दिन बाद पहली जीत दर्ज की। इस परिणाम के साथ थंडर बीबीएल अंक तालिका में सिडनी सिक्सर्स के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया। रेनेगेड्स 2 जीत और 2 हार के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया।

## ऋषभ पंत के आलोचकों को संजय मांजरेकर का जवाब, आंकड़े गिनाकर कहा- 42 का औसत और लगाए हैं 7 शतक

**नइदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट में एक समय पर ड्रॉ के करीब दिख रही थी। हालांकि आखिरी सेशन में सात विकेट गंवाना के बाद टीम यह मैच गंवा बैठी। इस मैच में ऋषभ पंत को गलत शॉट खेलकर आउट होने के लिए आलोचना का शिकार होना पड़ा। उनके आउट होने के बाद ही ऑस्ट्रेलिया



को मैच में वापसी का मौका मिला। पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने ऋषभ पंत की समर्थन करते हुए कहा कि उनकी इस तरह की आलोचना नहीं होनी चाहिए।

सुनील गावस्कर ने ऋषभ पंत के आंकड़े गिनाए

संजय मांजरेकर ने एक्स पर लिखा, 'ऋषभ पंत की सिर्फ उनके फेल होने के लिए आलोचना होनी चाहिए इसलिए नहीं कि वह कैसे फेल हुए। टेस्ट में उनकी 42 की औसत है और कम से कम तीन शानदार पारियां खेलने वाले भारतीय है। 42 टेस्ट में उन्होंने 6 शतक लगाए हैं वहीं सात बार 90 से ज्यादा रन बनाकर आउट हुए। वह शानदार खिलाड़ी है लेकिन बस ज्यादा रन नहीं बना पा रहे हैं। बात बस यही है।'ऋषभ पंत का बल्ला बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में नहीं चला है। उन्होंने सात पारियों में 22 के औसत से केवल 154 रन बनाए हैं। मेलबर्न टेस्ट की पहली पारी में शनिवार को पंत ने स्कॉट बोलैंड की गेंद पर स्टंप्स के पार स्कूप शॉट लगाने का प्रयास किया लेकिन वह नाथन लियोन के हाथों में चला गया।


# निश्चित रूप से हार्दिक पांड्या से बेहतर...

### गावस्कर ने नितीश रेड्डी की जमकर तारीफ की

**नइदिल्ली, एजेंसी।** भारत के 21 वर्षीय नितीश कुमार रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अच्छी छवि बनाई हैं। यह युवा खिलाड़ी संकटमोचक बनकर उभरा है जिसने बार-बार मुश्किल परिस्थितियों से भारत को बाहर निकाला है।

हाल ही में संपन्न मेलबर्न टेस्ट में जिसमें भारत 184 रनों से हार गया था, नितीश ने ही पहली पारी में अपना पहला शतक बनाकर भारत को मैच में बनाए रखा था। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर नितीश कुमार रेड्डी के दृढ़ संकल्प से काफी प्रभावित हैं, उन्होंने उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकदार युवा सितारों में से एक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि नितीश कुमार रेड्डी की





बल्लेबाजी हार्दिक पांड्या से बेहतर है, जब उन्होंने टीम इंडिया के लिए खेलना शुरू किया था।

मेलबर्न टेस्ट में नितीश कुमार रेड्डी पहली पारी में नंबर 8 पर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने 114 रन बनाकर भारत को हार से उबारने में मदद की। युवा खिलाड़ी के पिता की स्टैंड में मौजूदगी ने इस पल को और खास बना दिया। गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा, मेलबर्न टेस्ट ने भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकते युवा सितारों में से एक नीतीश कुमार रेड्डी को सामने ला दिया। वह आईपीएल में हैदराबाद फ्रैंचाइजी के लिए अपने प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के ध्यान में आए। उन्होंने प्रथम श्रेणी स्तर पर कुछ खास नहीं किया था, लेकिन अजीत अगरकर और उनके साथी चयनकर्ताओं को उन्हें टेस्ट क्षेत्र में लाने के लिए पर्याप्त जानकारी थी। गावस्कर ने कहा, पर्थ में अपने पहले टेस्ट मैच में ही यह स्पष्ट हो गया था कि यह एक ऐसा क्रिकेटर है जो परिस्थितियों को समझ सकता है और उसके अनुसार खेल सकता है। प्रत्येक अगले टेस्ट मैच के साथ, उनके कंधों पर एक अच्छे क्रिकेटिंग हेड की छाप और मजबूत होती गई। नीतीश कुमार रेड्डी ने पहले पर्थ और एडिलेड में 40 रन की कीमती पारियां दर्ज की थीं। लेकिन उन्होंने मेलबर्न में पैट कमिंस, नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के खिलाफ अपने शतक से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। हालांकि 21 वर्षीय खिलाड़ी अपनी गेंदबाजी में सुधार करना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने गेंद से बहुत कम प्रदर्शन किया है।

# रोहित अगर कप्तान नहीं होते तो प्लेइंग 11 में भी जगह न मिलती: इरफान पठान

**नइदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने लंबे समय से खराब प्रदर्शन के बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की टेस्ट टीम में जगह को लेकर गंभीर चिंता जताई है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत को 184 रन से हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में पठान ने सुझाव दिया कि रोहित को अंतिम एकादश में शामिल करने का श्रेय बल्ले से उनके प्रदर्शन से अधिक कप्तान के रूप में उनकी भूमिका को जाता है। उनकी टिप्पणी तब आई है जब क्रिकेट जगत मौजूदा 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब स्कोर के कारण रोहित के भविष्य पर बहस





कर रहा था।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के निराशाजनक अभियान में रोहित की खराब बल्लेबाजी एक महत्वपूर्ण कारक रही है। श्रृंखला की 5 पारियों में 37 वर्षीय ने 6.20 की औसत से केवल 31 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शून्य भी शामिल हैं। यह भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट इतिहास में शीर्ष 6 बल्लेबाजों का दूसरा सबसे कम श्रृंखला औसत है। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ रोहित में लय की कमी साफ देखी जा सकती है। रोहित ने पांचवें दिन 40 गेंदों का सामना किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस द्वारा आउट होने से पहले सिर्फ 9 रन ही बना सके।

इरफान पठान ने कहा कि इस खिलाड़ी ने लगभग 20,000 रन बनाए हैं। फिर भी वह संघर्ष कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि उनका फॉर्म उनका बिल्कुल भी साथ नहीं दे रहा है। अब जो हो रहा है वह यह है कि वह कप्तान हैं, इसलिए खेल रहे हैं। अगर वह कप्तान नहीं होते तो शायद अभी नहीं खेल रहे होते। आपके पास एक सेट टीम होगी। के.एल. राहुल शीर्ष पर खेल रहे होते। जयसवाल उनके साथ होते। शुभमन गिल वहां होते। अगर हम वास्तविकता के बारे में बात करते हैं, तो यह देखते हुए कि वह बल्ले से कैसे संघर्ष कर रहे हैं, हो सकता है कि प्लेइंग इलेवन में उनके लिए जगह न हो।

पठान ने तर्क दिया कि यदि उनकी कप्तानी नहीं होती, तो भारत शीर्ष क्रम में केएल राहुल, यशस्वी जयसवाल या शुभमन गिल जैसे अन्य इन-फॉर्म विकल्पों को मैदान में उतार सकता था। उन्होंने कहा कि क्योंकि वह कप्तान है और आप सीरीज ड्रा करने के लिए अगला मैच जीतना चाहते हैं। उसका फॉर्म बहुत खराब है। यहां तक कि भारत में, यहां आने से पहले भी, वह रन नहीं बना रहा था। उन्होंने अभी भी रन नहीं बनाए हैं। यह बहुत निराशाजनक दृश्य है जब मैं रोहित शर्मा को बल्लेबाजी करते हुए देख रहा हूं। मैं हमेशा उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहता था।

## OTT Release:


# साल 2025 में देखिए सस्पेंस, थ्रिलर और ड्रामा से भरपूर वेब सीरीज

**2025 में कई बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज रिलीज होंगी, जिनमें भरपूर ड्रामा, सस्पेंस, थ्रिलर, कॉमेडी और बहुत कुछ देखने को मिलेगा। इस लिस्ट में आर्यन खान से लेकर मनोज बाजपेयी की वेब सीरीज रिलीज होंगी।**



### आर्यन खान निर्देशित पहली फिल्म

सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की आगामी वेब सीरीज। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस सीरीज में आर्यन अभिनय नहीं करेंगे बल्कि इस सीरीज का निर्देशन वह कर रहे हैं। यह सीरीज 2025 में रिलीज होगी। इस सीरीज का का निर्माण गौरी खान करेंगी। नेटफ्लिक्स ने हाल ही में घोषणा की है कि साल 2025 में, नेटफ्लिक्स और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट गौरी खान द्वारा निर्मित और आर्यन खान द्वारा निर्मित और निर्देशित एक अनूठी बॉलीवुड सीरीज लेकर आ रहा है।



### पाताल लोक सीजन 2

जयदीप अहलावत और गुल पनाग अभिनीत बहुप्रतीक्षित क्राइम ड्रामा पाताल लोक का दूसरा सीजन भी 2025 में रिलीज किया जाएगा। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इसका पोस्टर जारी किया और घोषणा की कि यह क्राइम ड्रामा 17 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। पहला सीजन 2020 के दौरान रिलीज हुआ था। इसकी सफलता ने अहलावत को देश भर में प्रसिद्धि दिलाई, जो एक ब्रेकआउट कलाकार के रूप में उभरे।



### द रोशन्स

ऋतिक रोशन, राकेश रोशन और राजेश रोशन द रोशन्स सीरीज में नजर आएंगे। यह डॉक्यूमेंट्री-सीरीज अगले साल 17 जनवरी, 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। यह सीरीज दर्शकों को रोशन परिवार के जीवन, संघर्ष और जीत के सफर पर ले जाएगी।



### ब्लैक वारेंट

सेक्रेड गेम्स और CTRL के लिए मशहूर विक्रमादित्य मोटवानी अब अपनी आगामी वेब सीरीज ब्लैक वारंट के साथ प्रशंसकों को भारत की सबसे कुख्यात जेल, तिहाड़ जेल की कठोर वास्तविकताओं के अंदर ले जाने के लिए तैयार हैं।

इस सीरीज़ में शशि कपूर के पोते जहान कपूर की पहली फिल्म है। इसका प्रीमियर 10 जनवरी, 2025 को नेटफ्लिक्स पर होगा। इस सीरीज में परमवीर सिंह चीमा, अनुराग ठाकुर और सिद्धांत गुप्ता भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।



### द फैमिली मैन 3

मनोज बाजपेयी, प्रियामणि और शारिब हाशमी अभिनीत लोकप्रिय वेब सीरीज, द फैमिली मैन अगले साल स्ट्रीम होने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिसंबर तक इसका निर्माण पूरा हो जाएगा, जबकि पोस्ट-प्रोडक्शन का काम 9-12 महीनों तक चलेगा। इसका तीसरा सीजन अगले साल 2025 में रिलीज हो सकता है।



### कृति सेनन बोली-

# 'प्यार को लेकर किसी की नहीं सुनती'

कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री का नाम लंबे समय से बिजनेस मैन कबीर बहिया से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में कृति ने एक पॉडकास्ट में प्यार, रिलेशनशिप को लेकर बातचीत की।

कुछ दिन पहले कृति सेनन को बिजनेस मैन कबीर बहिया के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट करते हुए देखा गया। सेलिब्रेशन की ये तस्वीरें कृति ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा कीं। हाल ही में एक कृति रणवीर इलाहाबादिया के पॉडकास्ट पर नजर आईं। इस पॉडकास्ट में उन्होंने करियर, पर्सनल लाइफ पर काफी सारी बातें कीं। साथ ही प्यार को लेकर भी काफी कुछ कहा।

### कृति का प्यार को लेकर नजरिया

रणवीर इलाहाबादिया ने अपने पॉडकास्ट में कृति सेनन से पहले क्रश के बारे में सवाल किया? तो वह बोली- 'प्यार को लेकर मैं सिर्फ अपनी सुनती हूं, इस मामले में मैं किसी की नहीं सुनती हूं।' वह पॉडकास्ट में आगे अपने पहले स्कूल क्रश के बारे में भी बताती हैं।

### जब पहली बार हुआ प्यार

कृति सेनन बताती हैं कि जब ग्यारहवीं क्लास में रही होंगी, तब उन्हें पहला क्रश हुआ था। वह लड़का काफी लंबा था, उस पर अकसर ही कृति की नजर चली जाती थी। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। वह लड़का कृति की मम्मी के फोन पर कॉल किया करता था। इस बात को मम्मी से छुपाना कृति के लिए काफी मुश्किल होता था। अपने पहले क्रश को याद करके, कृति सेनन पॉडकास्ट पर काफी मुस्कुरा भी रही थीं।

### फिर जब टूट गया दिल

आगे चलकर कृति का पहले क्रश के साथ रिलेशनशिप टूट गया। पॉडकास्ट में कृति ने यह भी बताया कि ब्रेकअप होने पर वह रोई भी थी। बाद में उन्हें अहसास हुआ कि यह प्यार नहीं था, बस एक क्रश जैसा था।



# मीडिया-मनोरंजन को बढ़ावा के लिए अक्षय कुमार ने की पीएम मोदी की तारीफ

**बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की सराहना की। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अभिनेता ने पीएम के विजन को बेहतरीन बताया।**

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर पीएम के पोस्ट री-पोस्ट कर लिखा, यह मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नजरिया है। यह एक बेहतरीन विचार है। उम्मीद है कि वेव्स (डब्ल्यूएवीईएस) 2025 शिखर सम्मेलन एक शानदार ग्लोबल मंच होगा, जहां एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री एक साथ आएगी और आगे बढ़ेगी।

रविवार को मन की बात कार्यक्रम में पीएम ने चर्चा करते हुए बताया था कि भारत अगले साल फरवरी में वेव्स 2025 का आयोजन करेगा। दिल्ली में 5 से 9 फरवरी तक दुनियाभर के कलाकार जुटेंगे। वेव्स में देश के साथ ही दुनिया के तमाम कलाकारों को वैश्विक मंच उपलब्ध मिलेगा। सफल फिल्मों के अलावा सोशल मीडिया को भी खिलाड़ी अभिनेता ने प्रशंसकों के साथ जुड़े रहने का माध्यम बनाया है। वह अक्सर लेटेस्ट पोस्ट शेयर करते रहते हैं। हाल ही में अभिनेता ने पत्नी ट्विंकल खन्ना को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के लिए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें अभिनेत्री धूप में बैठे कॉफी का लुत्फ उठाती नजर आई थीं। इसके साथ ही वह वीडियो में मस्ती भी करती नजर आई थीं। अभिनेता ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो टीना। तुम सिर्फ एक स्पोर्ट्स नहीं हो; तुम पूरा गेम हो। मैंने तुमसे बहुत कुछ सीखा है, कैसे हंसना है जब तक मेरा पेट दर्द न करने लगे (और तुम लगभग हमेशा इसका कारण होती हो), कैसे अपना पसंदीदा गाना रेडियो पर बजने पर दिल खोलकर गाना है और कैसे सिर्फ इसलिए नाचना है क्योंकि मेरा मन करता है। तेरे वरगा सच में होर कोई ना। इससे पहले अक्षय ने अपने बेटे आरव को जन्मदिन की शुभकामना देते हुए इंस्टाग्राम पर सफारी आउटिंग की एक तस्वीर शेयर की थी।



# पीएम मोदी की पहल के कायल हुए शाहरुख खान

बॉलीवुड किंग शाहरुख खान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र के लिए उनके दृष्टिकोण का समर्थन करते नजर आए। उन्होंने आगामी वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट 2025 (वेव्स) को लेकर सोशल मीडिया पर अपना उत्साह व्यक्त किया।

एक्स अकाउंट पर शाहरुख ने पीएम मोदी की इस पहल की जमकर सराहना की। उन्होंने पीएम मोदी को टैग करते हुए अपनी पोस्ट में लिखा, मैं बड़ी उत्सुकता से अपने देश में आयोजित होने वाले वेव्स- फिल्म और मनोरंजन विश्व शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहा हूं। यह हमारी इंडस्ट्री के लिए एक ऐसा उत्सव है, जो फिल्म की इंडस्ट्री के भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान से रूबरू कराएगा। सबसे बढ़कर, यह एक ऐसा अवसर है जो रचनात्मकता को बढ़ावा देगा।

# 25 साल बाद री-रिलीज होगी फिल्म कहो ना प्यार है

**ऋतिक** रोशन की फिल्म कहो ना प्यार है सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देने के लिए तैयार है। वहीं, इसकी रिलीज की तारीख का अभिनेता के साथ खास कनेक्शन है।

बॉलीवुड इंडस्ट्री के ग्रीक गॉड यानी ऋतिक रोशन अगले साल 10 जनवरी को अपना 51वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। वहीं, इस खास अवसर पर अभिनेता के प्रशंसकों को बड़ा उपहार मिलने वाला है। अभिनेता की पहली फिल्म कहो ना प्यार है 25 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देने जा रही है। इसके साथ ही वह इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे कर लेंगे। इस तरह सुपरस्टार के बर्थडे पर डबल सेलिब्रेशन होने जा रहा है।

**फिल्म कहो ना प्यार है साल** 2000 में 14 जनवरी को रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन ऋतिक रोशन के पिता राकेश रोशन ने किया था। फिल्म के निर्माता-निर्देशक, राकेश रोशन ने एक नए सिनेमाई अनुभव के लिए कहो ना प्यार है के प्रिंट को फिर से तैयार किया है। राकेश ने हाल ही में अपनी दूसरी कल्ट फिल्म करण अर्जुन (1995) को फिर से रिलीज किया है, और एक बार फिर उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ने का फैसला किया है।




दो दशक पुरानी होने के बावजूद कहो ना प्यार है अपनी मनोरंजक कहानी और चार्ट-बस्टिंग म्यूजिक के लिए प्रसंशकों के बीच पॉपुलर है। इस फिल्म ने रोशन को स्टारडम प्रदान किया और उन्हें लोगों के दिलों में भी जगह दिलाई। री-रिलीज उन युवा प्रशंसकों को इसे बड़े पर्दे पर देखने का मौका देगी जो फिल्म के पहली बार सिनेमाघरों में रिलीज होने के समय बहुत छोटे थे या पैदा नहीं हुए थे।

**कब आएगा ट्रेलर?**

कहो ना प्यार है का री-रिलीज ट्रेलर कथित तौर पर पिछले शुक्रवार (27 दिसंबर) से सिनेमाघरों में चल रहा है। इसके जनवरी 2025 के पहले सप्ताह में डिजिटल रूप से उपलब्ध होने की उम्मीद है। इस फिल्म से अमीषा पटेल ने भी डेब्यू किया था और इसमें अनुपम खेर, सतीश शाह, फरीदा जलाल, दलीप ताहिल, मोहनीश बहल, आशीष विद्यार्थी और तनाज ईरानी जैसे कलाकार हैं।




# अल्लू अर्जुन की जमानत पर सुनवाई 3 जनवरी तक टली

**हैदराबाद** की नामपल्ली जिला अदालत ने सोमवार को संध्या थिएटर भगदड़ मामले में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की जमानत याचिका पर सुनवाई 3 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। गिरफ्तारी के बाद जब अभिनेता को चंचलगुडा जेल से रिहा किया गया था तो उच्च न्यायालय ने उन्हें चार सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी, लेकिन नियमित जमानत के लिए उन्हें निचली अदालत में जाने को कहा था। पुष्पा- द रूल को लेकर चल रही जबर्दस्त चर्चा के बीच हैदराबाद के संध्या थिएटर में भगदड़ मचने के बाद अल्लू अर्जुन गंभीर संकट में फंस गए हैं, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और उसका बेटा घायल हो गया।

इस घटना के सिलसिले में अभिनेता को इस महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था और बाद में 50,000 रुपये का बॉन्ड भरने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। आज (31 दिसंबर) नामपल्ली जिला न्यायालय में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी, लेकिन अब सुनवाई स्थगित कर दी गई है।

### अमिताभ बच्चन से है खास कनेक्शन

# शाहिद कपूर की देवा का नया पोस्टर जल्द होगा जारी?



बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आगामी एक्शन फिल्म देवा को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शाहिद कपूर ने 2025 की अपनी पहली फिल्म देवा की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा में शाहिद कपूर का लुक पहले ही जारी किया जा चुका है। अब, रॉय कपूर फिल्म्स और जी स्टूडियोज ने दर्शकों के लिए एक और नए साल का सरप्राइज प्लान किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 1 जनवरी, 2025 को फिल्म का नया पोस्टर जारी होगा, जिसमें अमिताभ बच्चन का एक खास कनेक्शन भी दिखाई देगा। फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज देवा के साथ हिंदी फिल्म में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी अभिनीत यह फिल्म सभी एक्शन प्रेमियों के लिए नए साल की जबर्दस्त ट्रीट होगी। वैसे को फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक पहले ही जारी किया जा चुका है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, देवा की टीम 1 जनवरी को एक्शन फिल्म का नया पोस्टर जारी करने की योजना बना रही है, जिसमें बिग बी का खास कनेक्शन दिखाई देगा।